राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच रिश्तों पर बोले आशीष ...

सब ठीक हो जाएगा, इस्राइल हमास युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 104 | नई दिल्ली, गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |


**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# नेपाल : काठमांडू हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटनाग्रस्त, 18 लोगों की मौत

प्रात : किरण

काठमांडू/एजेंसी। काठमांडू में त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान 19 लोगों को लेकर पोखरा जा रहा एक निजी एयरलाइन का विमान बुधवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि सौर्य एयरलाइंस के विमान का पायलट हादसे में घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया है। यह दुर्घटना तब हुई जब विमान रनवे पर फिसला और उसमें आग लग गयी। घटनास्थल के फुटेज में विमान आग लगने से पहले तेजी से रनवे पर दौड़ता दिखायी दे रहा है। आग लगने के बाद उसके मलबे से काला धुआं उठता दिखायी दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के इस विमान में चालक दल के सदस्य समेत कम से कम 19 लोग सवार थे। यह हादसा पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुआ। काठमांडू पोस्ट अखबार ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 18 शव बरामद किए गए हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) के प्रवक्ता सुभाष झा ने कहा, यह हादसा पोखरा जा रहे विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे पर गड़बड़ी के कारण हुआ। हिमालयन टाइम्स अखबार



ने बताया कि विमान में केवल एयरलाइन के तकनीकी कर्मी सवार थे। टीआईए के सूचना अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल ने बताया, ह्यविमान में कोई यात्री सवार नहीं था बल्कि कुछ तकनीकी कर्मी थे।

हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग बुझा दी गयी है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान संचालित कर रहे हैं। विमान में सवार लोगों की स्थिति के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। मायरिपब्लिका समाचार पोर्टल ने बताया कि प्राधिकारियों ने विमान दुर्घटना के बाद टीआईए बंद कर दिया है। हवाई अड्डा बंद होने के कारण कई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों पर असर पड़ा है। वहीं, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हो गया है। मरने वालों में को-पायलट सुशांत कुमार, अमित मान महाराजन, सागर आचार्य, दिलीप वर्मा, मनु राज शर्मा, अश्विन निरौला, सुदीप लाल जोशी, सर्वेश मार्सेन, श्याम बिंदूकर, नवा राज आले, राजा राम आचार्य, प्रीजा खतिवाड़ा, अधिराज शर्मा, उधब पूरी, यज्ञ प्रसाद पौडयाल, संतोष महतो, पुण्य रत्ना साही एवं आरिफ रेडा शामिल है।

## बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक कानून ध्वनिमत से पारित

# बिहार में पेपर लीक करने पर 10 साल की सजा, एक करोड़ का जुर्माना




प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार की नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राजग सरकार ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एंटी-पेपर लीक कानून पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा और सदन से वाक आउट कर गया। विपक्ष के हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा में राज्य सरकार की तरफ से बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक-2024 पेश किया। इस बीच विपक्ष वाक आउट कर गया। इसके बाद सदन में बहुमत के आधार पर विधेयक पास हो गया। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। नए कानून के तहत परीक्षा के पेपर लीक करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ तक का जुमार्ना हो सकता है। यह कानून व्यापक है, जो छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों सहित सभी संबंधित पक्षों पर लागू होता है। सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून बना है। नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है उसे रोकने के लिए केंद्र सरकार ने भी नियम बनाया है, जो पूरे देश में लागू हो गया है लेकिन विपक्ष के सदस्य सदन से बाहर चले गए। सदन के बाहर आकर राजद विधायक रेखा कुमारी ने नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के बारे में कहा कि वह महिला विरोधी हैं। वह विधायक जरूर बन गई हैं लेकिन अब तक उन्हें अधिकार नहीं मिला है। वित्त मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पेपर लीक के जरिए युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक 2024 भी पारित किया गया है। इसके तहत कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार प्रतियोगिता परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक रोकने और गड़बड़ी रोकने के लिए बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक 2024 को बुधवार को पारित कर कठोर सजा का प्रावधान किया गया है।

### एजेंसी ने गड़बड़ी की तो परीक्षा फीस वसूल ली जाएगी

इस विधेयक के प्रावधान के अनुसार, पेपरलीक केस की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। बिहार सरकार किसी भी जांच एजेंसी से इस मामले की जांच करवा सकती है। अगर परीक्षा में गलत तरीके से अभ्यर्थी शामिल होंगे या नियमों का उल्लंघन करेंगे तो उनके लिए कम से कम तीन से पांच साल की सजा और दस लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान है।

वहीं अगर कोई व्यक्तियों का समूह, जो सर्विस प्रोवाइडर से मिलीभगत में शामिल होगा उनसे पांच से दस साल की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। इतना ही नहीं उनकी संपत्ति भी कुर्क होगी। इसके अलावा परीक्षा लेने वाली एजेंसी ने गड़बड़ी की आशंका होने के बावजूद कुछ नहीं किया तो उनपर एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगेगा। साथ ही परीक्षा फीस व अन्य खर्च भी वसूल ली जाएगी।


अगले चार साल तक के लिए परीक्षा आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। एंटी पेपरलीक कानून बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, केंद्रीय सिपाही चयन पर्षद बिहार, बिहार तकनीकी सेवा आयोग के साथ ही अन्य कोई भी प्राधिकरण, जो बिहार सरकार की तरफ से अधिसूचित हो।

## विधानसभा में विपक्ष के हंगामे पर मुख्यमंत्री ने जताई नाराजगी, लगाई क्लास

# केंद्र कर रहा है पूरी मदद, दिया जा रहा विशेष पैकेज : नीतीश

### बोलें-केंद्र की कांग्रेस सरकार ने बिहार की मांग की हमेशा अनदेखी की

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सदन में विपक्ष पर काफी नाराज हुए। उन्होंने कहा कि सारे पार्टियों के साथ मेरी पहल पर जातिगत गणना करवाई थी। आप लोग बैठकर इस पर चर्चा करते लेकिन, आप लोग सुनना नहीं चाहते हैं। सारे पार्टियों ने जातिगत गणना का सपोर्ट किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री राजद महिला विधायक पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद हमने ही महिलाओं को आगे बढ़ाया था। सदन की कार्यवाही के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने विपक्षी विधायकों के हंगामे के बीच कहा कि जातिगत गणना में हमने सब कुछ की जानकारी ली है। उसके बाद आरक्षण का दायरा भी बढ़ाया है। जातिगत गणना के बाद 94 लाख गरीब लोगों की पहचान की गई। उनके विकास के लिए सरकार ने दो-दो लाख रुपया देना शुरू कर दिया। सीएम ने कहा कि आरक्षण को लेकर पटना हाईकोर्ट ने रोक लगाई है लेकिन, राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। साथ ही नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए भी आग्रह किया है। सीएम नीतीश ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि 2010 से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मांगना शुरू किया था लेकिन, कांग्रेस ने विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया। आज केंद्र पूरी मदद कर रहा है, विशेष पैकेज दिया जा रहा है। नीतीश ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोग मेरा हाय हाय कर रहे हैं, आप लोगों का भी हाय हाय, आप लोगों का भी हाय हाय। सीएम ने कहा कि इतने दिन से आंदोलन कर रहे थे। जब केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब क्यों नहीं दिए थे विशेष दर्जा और आज हंगामा कर रहे हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि अरे ई सब चीजवा तो हम्हीं न किए हैं जी और आप लोग साथ दिए हैं। कुछ आइडिया था आप लोगों के पास। अरे सही चीज बोलिए। कांग्रेसी हैं आप बोलिए सही, कोई बतवा मानें थे? कल बड़ा भारी आंदोलन कर रहे थे और जब हमलोग 10 से आंदोलन कर रहे थे जी कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिले तो आपका पर्टिया नहीं दिया। ये दोनों एक साथ थे (राजद-कांग्रेस) अब आजकल बोल रहे हैं, ऐसे ही काहे बोलते हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि हम लोगों ने कह दिया तो केंद्र ने विशेष राज्य के दर्जा के अलावा कई तरह से मदद करना शुरू कर दिया है। आप देख रहे हैं कि केंद्र अतिरिक्त मदद दे रहा है। जो कुछ भी हम लोगों ने कहा है उसके लिए भी वो लोग करेंगे। कल जो हंगामा कर रहे थे उसका जवाब मिला और आज जो हंगामा कर रहे हैं उसका कोई मतलब नहीं है। आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए हमलोग सुप्रीम कोर्ट तक गए हैं और केंद्र को भी कह दिए हैं कि इसको 9वां अनुसूची में शामिल करिए। दरअसल, बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष के नेता विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार हंगामा कर रहे हैं। सबसे पहले राजद, कांग्रेस और माले के विधायकों ने विधानसभा के पोर्टिको में नारेबाजी की। विधायक नए आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग कर रहे थे। वहीं इससे पहले बुधवार को कांग्रेस विधायक झाल बजाते हुए विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस ने कहा कि अगले पांच साल झाल बजाएंगे। वहीं, विपक्ष के बाद अब बीजेपी विधायक भी पोर्टिको में पहुंच गए हैं और हाथों में पीएम और सीएम के नाम धन्यवाद पत्र दिखाते हुए खुशी जाहिर कर रहे हैं। बीजेपी विधायक बजट में बिहार को बड़ा पैकेज देने पर धन्यवाद दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल से मिले किसान नेताओं की उनकी आवाज उठाने का आग्रह

नई दिल्ली। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और कर्नाटक के 12 किसान नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने विपक्ष के विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बुधवार को यहां संसद भवन परिसर में मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं संसद में उठाने और उसको लेकर सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया। इससे पहले श्री गांधी ने कहा, ह्यकिसान नेताओं को मैंने संसद भवन में मिलने के लिए बुलाया था लेकिन उन्हें अंदर नहीं आने दिया गया तो मैं ही उनसे मिलने बाहर चला गया। किसान मुझसे संसद भवन आकर मिले इसके लिए भी प्रधानमंत्री से पूछना पड़ेगा। श्री गांधी के साथ जिन किसान नेताओं ने मुलाकात की उनमें पंजाब से जगजीत सिंह, श्रवण सिंह पंधार, सुरिजित सिंह तथा रमणदीप सिंह मान, हरियाणा से लखविंदर सिंह, तेजवीर सिंह, अमरजीतसिंह तथा अभिमन्यु, कर्नाटक से शांता कुमार, तेलंगाना से एन वेंकटेश्वर राम, तमिलनाडु से पी रामलिंगम शामिल हैं। बैठक में कांग्रेस के कुछ सांसदों ने भी हिस्सा लिया जिनमें-राजा बराड़, सुखजिंदर सिंह रंधावा, गुरजीत सिंह औजला, धर्मवीर गांधी, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, जय प्रकाश, जयराम रमेश भी मौजूद थे। विपक्ष के नेता ने किसानों से कहा, किसान नेताओं से मुलाकात के दौरान मैंने कहा कि कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही थी। हमने आकलन किया है, ये बिल्कुल किया जा सकता है। इस बारे में हमने किसान नेताओं के साथ बैठक की। हमने तय किया है कि इंडिया समूह के नेताओं से चर्चा करके, हम सरकार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए दबाव बनाएंगे। इस बारे में हमने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ मिलकर सरकार पर दबाव डालने का निर्णय लिया है।

### कर की चोरी करने वालों के खिलाफ पेनाल्टी का प्रावधान : सम्राट

पटना। उपमुख्यमंत्री सह वित मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा बिहार माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2024 को पारित कर जहां करवंचना (कर चोरी) के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया है तथा इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर व इसके द्वारा क्रेडिट के वितरण प्रावधानों को स्पष्ट किया गया है। इसके तहत कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी परिषद की 50 वी और 52 वीं बैठक में जीएसटी कानून में कतिपय संशोधन करने का निर्णय लिया गया था। इस आधार पर भारत की संसद द्वारा वित अधिनियम, 2024 के माध्यम से जीएसटी से सेन्ट्रल एक्ट में संशोधन भी किया जा चुका है एवं देश के सभी राज्यों को अपने-अपने राज्य के कानून में संशोधन किया जाना था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी कर प्रशासन तथा राज्य के सभी करदाताओं के सहयोग से पिछले सात वर्षों में वाणिज्य-कर विभाग का कर संग्रह दोगुना से भी अधिक हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 11 प्रतिशत वृद्धि के साथ 38,210.68 करोड़ का राजस्व संग्रह किया गया वहीं चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में भी 7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8775.46 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि जीएसटी की पिछली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें कई वस्तुओं पर कर दी दरों में कमी की गई है, जबकि प्लेटफार्म टिकट, वेटिंग रुम, क्लॉक रुम की सेवाओं पर लगने वाले जीएसटी को करमुक्त कर दिया गया है।

# कुपवाड़ा में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, जवान शहीद

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार को शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक गैर-कमीशन अधिकारी सीमांत कुपवाड़ा के ट्रुमखान जंगलों में चल रहे एक अभियान में गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रुमखान जंगलों में मंगलवार को उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षा बलों की टीमें आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त होने के बाद तलाशी अभियान चला रही थीं। इससे पहले दिन में सेना ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके बाद सतर्क सैनिकों ने उन्हें चुनौती दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यसामान्य क्षेत्र कोवुत, कुपवाड़ा में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट जानकारी के आधार पर, 23 जुलाई से 24 जुलाई तक सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस की ओर से एक संयुक्त खोज अभियान शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने 24 जुलाई को संदिग्ध गतिविधि देखी और वहां मौजूद आतंकवादियों को चुनौती दी, जिसके जवाब में आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया और एक एनसीओ घायल हो गया। कार्रवाई अब भी जारी है। कुपवाड़ा में गोलीबारी ऐसे समय में हुई है, जब जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी हमलों में तेजी आई है। जम्मू के पुंछ जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। गौरतलब है कि 20 जून से, जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, जम्मू क्षेत्र में अलग-अलग हमलों में 11 सुरक्षाकर्मी और नौ तीर्थयात्री मारे जा चुके हैं।

# आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे : नित्यानंद

### 370 हटाए जाने के बाद से 900 से अधिक आतंकी मारे गए

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। नई दिल्ली। कश्मीर सहित देश की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए सरकार ने बुधवार को कहा कि उसकी नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है और आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह भी बताया कि विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में हटाए जाने के बाद से जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना ने 900 से अधिक आतंकियों को मार गिराया है। आतंकवाद को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कश्मीर में 28 आतंकियों को मार गिराया गया है। उन्होंने स्वीकार किया, आतंकी हमलों में हमारे कुछ जवानों की भी जान गई है। उन्होंने पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि 2004 से 2014 के बीच आतंकी घटनाओं की संख्या 7217 थी जबकि 2014 से 21 जुलाई 2024 तक ऐसी 2259 घटनाएं हुई हैं जो नहीं होना चाहिए थीं। इस पर राजनीतिक नहीं करनी चाहिए। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की नीति आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है तथा आतंकवादी या तो जेल में रहेंगे या जहन्नुम में जाएंगे। राय ने बताया कि 2004 से 2014 तक आतंकी हमलों में जान गंवाने वाले सुरक्षा बलों और आम नागरिकों की संख्या 2829 थी जो बीते दस वर्ष में 67 प्रतिशत घट कर करीब 941 रह गई। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का आज अनुकूल माहौल है, स्कूल, कालेज खुल रहे हैं, कारोबार बढ़ रहा है और अवसंरचना का विकास किया जा रहा है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि कश्मीर जाने वाले पर्यटक के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता होती है। आतंकी हमले पर्यटकों के मन में चिंता उत्पन्न करते हैं। ऐसे में वहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए हैं। इस पर राय ने बताया कि 2023 में दो करोड़ 11 लाख पर्यटकों का कश्मीर जाना बताता है कि वहां सुरक्षा की स्थिति है।

## आवंटन | केन्द्रीय आम बजट : सीमावर्ती गांवों के विकास पर केन्द्र सरकार का विशेष जोर

# वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के लिए 1050 करोड़ रुपये आवंटित

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार चीन से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित दूरदराज के गांवों के समग्र विकास पर जोर दे रही है और इसी क्रम में केंद्रीय बजट में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (वीवीपी) के लिए 1,050 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इससे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के 19 जिलों के चुनिंदा गांव लाभान्वित होंगे। सरकार ने 15 फरवरी, 2023 को उत्तरी सीमा से सटे 46 ब्लॉक के इन गांवों के विकास के संबंध में 2022-23 से 2025-26 के लिए 4,800 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वीवीपी को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी दी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को पेश किए गए बजट में 2024-25 के लिए वीवीपी को लेकर 1,050 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य इन गांवों का समग्र विकास करना है, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो सके और पलायन की प्रवृत्ति पर रोक लग सके। वीवीपी का कार्यान्वयन केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कृषि, बागवानी, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत, कौशल विकास और उद्यमिता, कृषि, बागवानी, औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की खेती को बढ़ावा दिया जाना है। इसके साथ सड़क संपर्क, आवास और गांव के बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा सहित ऊर्जा, टेलीविजन और दूरसंचार संपर्क पर फोकस शामिल हैं। वित्तीय समावेशन सहित आजीविका के अवसरों के प्रबंधन के लिए सहकारी समितियों के विकास के माध्यम से आजीविका सृजन के अवसरों की भी परिकल्पना की गई है।

विकास के लिए चिह्नित क्षेत्रों में से एक पर्यटन से संबंधित विभिन्न बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देना, समुदाय द्वारा प्रबंधित गृह प्रवास को बढ़ावा देना, स्थानीय मेलों और त्योहारों का आयोजन करना, पारिस्थितिकी पर्यटन, कृषि पर्यटन, स्वास्थ्य, वन्य जीवन, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन तथा स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देना भी इसमें शामिल है। वीवीपी को एक परिणामोन्मुखी कार्यक्रम के रूप में परिकल्पित किया गया था, जिसके परिणाम संकेतक तीन स्तरों पर हैं-गांव, परिवार और व्यक्तिगत लाभार्थी। वीवीपी के तहत, अब तक 136 सीमावर्ती गांवों को 2,420 करोड़ रुपये की लागत से हर मौसम में जोड़ने वाली 113 सड़क परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन इलाकों में मोबाइल 4जी कनेक्टिविटी पर तेजी से काम किया जा रहा है और दिसंबर तक वीवीपी के तहत आने वाले सभी गांव 4जी नेटवर्क से कवर हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में कार्यभार संभालने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 13 जुलाई को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में वीवीपी के क्रियान्वयन की समीक्षा की थी। उन्होंने सीमावर्ती गांवों के निवासियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा ऐसे दूरदराज के क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया था। शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र सरकार द्वारा की गई विशेष पहल के तहत सीमावर्ती गांवों के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को जारी रखा जाए।

# सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट सस्ता हुआ सोना और चांदी



नई दिल्ली/एजेंसी। बजट के अगले दिन ही घरेलू सराफा बाजार में जबरदस्त करेक्शन नजर आ रहा है। सिर्फ एक दिन में सोना करीब 2,300 रुपये तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी करीब छार हजार रुपये की गिरावट आई है। बुधवार की गिरावट के बाद देश के सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी सरार्फा बाजारों में 65,490 रुपये से लेकर 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी करीब चार हजार रुपये सस्ता होकर दिल्ली सरार्फा बाजार में 87,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 65,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 64,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 65,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 70,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 64,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 25 जुलाई, 2024




# नई कार्यनीति बनाने की घोषणा से उत्तराखंड में जगी उम्मीद

## दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे कदम

**देहरादून, एजेंसी।** यह किसी से छिपा नहीं है कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड में खेती-किसानी के तमाम झंझावत से जूझने के बावजूद खाद्यान्न उत्पादन की स्थिति बेहतर है। कृषि विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य गठन के समय प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन 16.47 लाख मीट्रिक टन था, जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 17.52 लाख मीट्रिक टन पहुंच गया।

यह तब है, जबकि कृषि क्षेत्रफल में 2.02 लाख हेक्टेयर की कमी आई है। गुजरे वित्तीय वर्ष में भी यह 17 लाख मीट्रिक टन से अधिक रहा है। खाद्यान्न में धान्य फसलों की उत्पादकता में वृद्धि से यह सफलता मिली है, लेकिन दलहन व तिलहन में राज्य की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।



आंकड़े बताते हैं कि दलहन व तिलहन की फसलों की उत्पादकता में गिरावट आई है। अब जबकि केंद्र सरकार ने बजट में इस बार भी कृषि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है तो उससे उम्मीद जगी है कि दलहन व तिलहन को यहां भी बूस्टर डोज मिलेगी।

दलहन और तिलहन मिशन में इन फसलों में आत्मनिर्भरता के दृष्टिगत नई कार्यनीति बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें उत्पादन, उत्पादकता, विपणन व भंडारण जैसे विषय शामिल होंगे। स्वाभाविक रूप से इसका लाभ उत्तराखंड को भी मिलेगा।

प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के केंद्र के प्रयासों से उत्तराखंड जैविक प्रदेश बनने की दिशा में कदम बढ़ाएगा। 13 जिलों वाले उत्तराखंड में नौ जिले विशुद्ध रूप से पर्वतीय हैं, जबकि तीन पर्वतीय व मैदानी भूगोल को स्वयं में समाहित किए हैं। दो जिले विशुद्ध रूप से मैदानी भूभाग लिए हैं।

कृषि के दृष्टिकोण से देखें तो पर्वतीय जिलों में खेती स्वाभाविक रूप से जैविक है। यानी वहां रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग न के बराबर होता है। ऐसे में केंद्र ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बात की है तो राज्य का पर्वतीय क्षेत्र इससे लाभान्वित होगा। यद्यपि, अभी तक गंगा नदी से सटे 41 गांवों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा था। अब यह मुहिम तेजी से अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ेगी।

राज्य में खेती पर नजर दौड़ाएं तो यहां अधिकांश जोत छोटी और बिखरी हैं। यहां 65.52 प्रतिशत जोत सीमांत व लघु हैं, जबकि शेष अर्द्ध मध्यम, मध्यम व वृहद। यही नहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में छोटी जोत के बिखरी होने से कृषि प्रबंधन में दिक्कतें आ रही हैं। इसमें श्रम अधिक लगता है और उत्पादन भी ठीक से नहीं मिल पाता।

# देहरादून में जमीन को लेकर पूर्व सैनिक की हत्या, जबरन कब्जा करने पहुंचे थे 15-20 लोग

**देहरादून, एजेंसी।** चंद्रबनी चोयला में भूमि के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान धक्का लगने से गिरकर भूतपूर्व सैन्यकर्मी की मौत हो गई। उनके स्वजन ने आरोपितों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के बेटे के बयान दर्ज कर लिए हैं। तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

चंद्रबनी चोयला निवासी कार्तिक ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2014 में यहां मकान खरीदा था। इसके बाद वर्ष 2018 में बगल में एक प्लाट भी खरीदा, जिस पर उन्होंने चहारदीवारी कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि कुछ समय पूर्व आरोपित अंशुल चौधरी ने प्लाट को अपना बताते हुए जबरन प्लाट की दीवार तोड़ दी और कब्जा कर लिया।

आरोपितों ने प्लाट पर कुछ महिलाओं को भी बैठा दिया। उस समय पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया। इसी बीच आरोपित अंशुल चौधरी ने सिविल कोर्ट में वाद दायर कर दिया, जो अभी विचाराधीन है।

मंगलवार की सुबह आरोपित अंशुल चौधरी 15-20 लोगों के साथ हथियारों से लैस होकर प्लाट में घुसने लगा। उन्हें प्लाट में दाखिल होने से रोका गया तो आरोपितों ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। कार्तिक का आरोप है कि धक्का लगने से उनके पिता बीर बहादुर गिर गए। जिस पर उन्हें क्लेमेनटाउन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि मृतक बीर बहादुर के स्वजन की ओर से अभी तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों के सिपुर्द कर दिया है। घटना के बाद से सभी आरोपित फरार चल रहे हैं, उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, इसी प्लाट में अंशुल चौधरी के पिता की पूर्व में मौत हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरीक गैंग के मुख्य आरोपी को वारंट बी पर अंबाला जेल से लाने की तैयारी

**देहरादून, एजेंसी।** करोड़ों की धोखाधड़ी में फरार अमरीक गैंग के मुख्य आरोपी रणवीर सिंह को दून लाने के लिए पुलिस ने अंबाला जेल में वारंट बी दाखिल कर दिया है। पुलिस जल्द आरोपी को दून में लाकर अमरीक गैंग की कुंडली खंगालेगी। आरोपी फिलहाल दिल्ली पुलिस पर हमला करने के आरोप में अंबाला जेल में बंद है। करोड़ों की धोखाधड़ी मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। दरअसल 21 मार्च को गोविंदर सिंह पुंडीर निवासी राजपुर ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया था कि अमरीक गैंग के सदस्यों ने जमीन खरीदने के नाम पर उनसे 15 करोड़ की धोखाधड़ी की। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने जांच कर आरोपी अदनान, अमजद, शरद गर्ग व साहिल को गिरफ्तार कर लिया था। जांच आगे बढ़ी तो मामले में अमरीक गैंग के मुख्य सरगना रणवीर सिंह निवासी मुलाना, अंबाला का नाम सामने आया। जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी अंबाला में जेल में बंद है। इसके बाद दून पुलिस ने अंबाला जेल में वारंट बी दाखिल किया गया। आरोपी दिल्ली पुलिस पर जानलेवा हमला करने के आरोप में केंद्रीय कारागार अंबाला में बंद है। पुलिस आरोपी को जल्द ही दून लाकर पूछताछ करेगी और गैंग के अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालेगी। आरोपी रणवीर के विरुद्ध देश के कई राज्यों में संगीन वारदातों में कई मुकदमे दर्ज हैं। बजट में प्राकृतिक खेती पर जोर देने की घोषणा से किसानों में खुशी का माहौल है। अभी तक जिले में प्राकृतिक खेती की शुरुआत नहीं हो सकी है। बीते वर्ष कृषि विभाग की ओर से जिलेभर में पांच सौ हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के रूप में चिह्नित किया गया था। मंगलवार को बजट में एक फिर से प्राकृतिक खेती के दायरे को बढ़ाने और मिशन शुरू करने की घोषणा से किसानों में उत्साह हैं। अमर उजाला की ओर से प्राकृतिक खेती को लेकर किसानों से बातचीत की गई।

### फर्जीवाड़े से नगर निगम की जमीन पर दे दिया कब्जा, 20 लाख ठगे

**देहरादून, एजेंसी।** रायपुर क्षेत्र में चार आरोपियों ने एक व्यक्ति से 20 लाख रुपये लेकर नगर निगम की जमीन पर कब्जा दे दिया। जमीन खरीदने के बाद व्यक्ति ने चहारदीवारी भी कर दी। दो साल बाद नगर निगम ने जमीन पर बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया। व्यक्ति को इसकी जानकारी हुई तो पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध फर्जीवाड़े का मुकदमा दर्ज किया है। मामले में रायपुर थाने में अपर आमवाला के त्रिवेदी भवन निवासी प्रदीप नेगी ने शिकायत की। बताया, फरवरी 2021 में उन्होंने डांडा लखौंड में एक जमीन मुजफ्फरनगर निवासी शिशिकांत सिंघल से खरीदी थी। जमीन खरीदते समय जमीन का मालिक डालनवाला निवासी आकाश पंवार और रेसकोर्स निवासी मंजोत गुलयानी को बताया गया। आरोपी ने जमीन की रजिस्ट्री राजपुर रोड निवासी बालेश कुमार जरिए कराई। इसके नाम ही जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी से बताई गई। रजिस्ट्री के बाद पीड़ित को फर्जीवाड़े की जानकारी हुई। रायपुर एसओ प्रदीप नेगी ने बताया कि मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उत्तराखंड लोक सेवा आयोग : पीसीएस प्री परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी

**देहरादून, एजेंसी।** पीसीएस प्री परीक्षा में प्रदेशभर से करीब 46 प्रतिशत अभ्यर्थी दोनों पालियों में शामिल हुए थे। परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई है। 24 से 30 जुलाई के बीच अभ्यर्थी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न 50 रुपये शुल्क देय होगा। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी चारों सीरीज की आंसर की देखकर अपने जवाब का मिलान कर सकते हैं और आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं। आयोग ने 14 जुलाई को पीसीएस प्री परीक्षा कराई थी, जिसमें प्रदेशभर से करीब 46 प्रतिशत अभ्यर्थी दोनों पालियों में शामिल हुए थे। आयोग सचिव गिरधारी सिंह रावत के मुताबिक, प्रश्न पत्रों के चारों सेट ए, बी, सी व डी की उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बताया, 24 से 30 जुलाई के बीच इस पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न 50 रुपये शुल्क देय होगा। कहा, आपत्ति दर्ज कराने से पहले नियम भी पढ़ लें।

# कांग्रेस ने निकाली केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा, भाजपा पर लगाया नफरत की राजनीति में धर्म के इस्तेमाल का आरोप




**हरिद्वार, एजेंसी।** कांवड़ मेले के तीसरे दिन कांग्रेस ने हरिद्वार में ढोल नगाड़ों के साथ केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा निकालकर प्रदेश सरकार को घेरने का प्रयास किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी समेत जिले भर के कांग्रेसी शामिल हुए।

इस दौरान मीडिया से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा देशभर में नफरत की राजनीति में धर्म का इस्तेमाल कर रही है। आमजन को भाजपा की असलियत बताने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। जबकि कांग्रेस हमेशा देश में एकता, अखंडता और सौहार्द की पक्षधर रही है।

कहा कि बाबा केदारनाथ, बाबा भैरवनाथ और मां गंगा का आशीर्वाद लेकर केदारनाथ गर्भ गृह से सोना चोरी के मामले में भाजपा का असली चेहरा सामने लाने के लिए यात्रा निकाली जा रही है। शंकराचार्य का काम बीजेपी कर रही है। जबकि राजनीति करने वालों को राजनीति का काम करना चाहिए और धर्म का कार्य धर्माचार्यों पर छोड़ देना चाहिए।

आरोप लगाया कि केदारनाथ धाम का इस्तेमाल व्यवसायीकरण के लिए किया जा रहा है। बाबा केदार भाजपा को दंडित करने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी भाजपा पर अपने स्वार्थ के लिए धर्म के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। यात्रा में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, मुरली मनोहर, वरुण बालियान आदि शामिल रहे।

# फॉगिंग करवाने के लिए कंट्रोल रूम में आईं 14 शिकायतें

**देहरादून, एजेंसी।** डेंगू नियंत्रण एवं बचाव के लिए डीएम सोनिका के निर्देशन में डीआईसीसीसी में कंट्रोल रूम शुरू हो चुका है। इस कंट्रोल रूम में अभी तक कुल 15 फोन कॉल आए हैं इसमें 14 फोन कॉल फागिंग के लिए और एक कॉल चिकित्सा परामर्श से संबंधित आई है। सभी समस्याओं का निवारण करवाया गया है। कंट्रोल रूम में नगर निगम के कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। डेंगू संबंधित शिकायत या समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001802525 पर संपर्क किया जा सकता है। बारिश के दौरान डेंगू का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस दौरान जो मरीज डेंगू संदिग्ध मिल रहे हैं इनकी जांच करवाई जा रही है। इसके अलावा डेंगू से बचाव के लिए आशा कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स की ओर से घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जहां पर भी डेंगू का लार्वा मिल रहा है वहां पर लार्वा नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा कंट्रोल रूम में आ रहीं शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। डीएम ने सभी जनमानस से अनुरोध किया है कि डेंगू से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत और चिकित्सकीय परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 18001802525 पर संपर्क किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि जनमानस से डेंगू के दृष्टिगत सतर्क रहते हुए अपने आसपास सफाई रखने तथा पानी जमा न होने देने का अनुरोध किया।

# कांवड़ियों की परीक्षा ले रहा गंगोत्री हाईवे, रस्सी के सहारे निकाला जा रहा सुरक्षित




**देहरादून, एजेंसी।** गंगोत्री हाईवे कांवडियों की परीक्षा ले रहा है। गंगोत्री राजमार्ग बिशनपुर के पास पैदल आवाजाही के लिए खोला गया है। एनडीआरएफ,एसडीआरएफ और पुलिस कांवडियों को रस्सी के सहारे सुरक्षित निकाल रही है। साथ ही यहां वाहनों की आवाजाही के लिए मलबा मलबा हटाया जा रहा है। बिशनपुर स्लाइडिंग जोन गंगोत्री राजमार्ग के लिए नासूर बन गया है। यहां पहाड़ी पर बारिश के कारण स्लाइडिंग जोन का एरिया लगातार बढ़ रहा है। जिस कारण राजमार्ग लगातार अवरुद्ध हो रहा है। फिलहाल एनडीआरएफ,एसडीआरएफ और पुलिस यहां फंसे कांवडियों सुरक्षित निकालने में जुटी है।

गंगोत्री हाईवे पर बिशनपुर में एनडीआरएफ और क्युआरटी की टीम बोल्डरों और मलबे के बीच कांवडियों को रास्ता पार करवा रही है। यहां पर लगातार बोल्डर गिरने का भय बना हुआ है।

उत्तराखंड में आज मौसम विज्ञान केंद्र की ओर चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश बताई गई।

# गंगा ब्रिज के ऊपर चढ़ा कांवड़िया, मचा हड़कंप, फिर फायर यूनिट ने ऐसे बचाई जान



**देहरादून, एजेंसी।** फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि एक युवक पुल के ऊपर काफी आगे चला गया था, जो की जनता के काफी समझाने पर भी नीचे नहीं आ रहा था।

रुड़की में एक कांवड़िया देर शाम गंगा पुल के ऊपर चढ़ गया। युवक को पुल पर चढ़ा देख लोगों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत इसकी सुचना कंट्रोल रूम को दी। फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल पर पहुंची।

घटनास्थल पर देखा तो एक व्यक्ति पुल के ऊपर काफी आगे चला गया था, जो की जनता के काफी समझाने पर भी नीचे नहीं आ रहा था। फायर यूनिट के कर्मचारी बिना देरी किए पुल पर चढ़े और युवक को समझा बुझाकर किसी तरह पकड़कर नीचे उतारा। टीम ने कहा कि वह व्यक्ति कांवड़ियों की वेशभूषा में था और नशे में लग रहा था। साथ ही मानसिक रूप से भी दिव्यांग लग रहा था। गंगनहर कोतवाली निरीक्षक गोविंद कुमार भी फोर्स के साथ पहुंचे। उक्त व्यक्ति को थाना सिविल लाइन कोतवाली के सुपुर्द किया।

# उत्तराखंड के 475 गांवों तक पहुंचेगी सड़क, सरकार ने की पीएमजीएसवाई चौथे चरण की घोषणा

**देहरादून, एजेंसी।** योजना के तहत उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के 250 से अधिक आबादी वाले 475 गांव सड़क से जुड़ेंगे। इन गांवों के लिए 1844 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए केंद्र सरकार से बजट मिलेगा।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के प्रदेश के 475 गांव और बसावटों तक सड़क पहुंचेगी। 250 से अधिक आबादी वाले गांव योजना के तहत सड़क से जुड़ेंगे। केंद्र सरकार ने बजट में पीएमजीएसवाई चौथे चरण की घोषणा की है। केंद्र सरकार आबादी के मानकों में छूट दे तो 200 से कम आबादी वाले लगभग चार हजार गांव भी सड़क से जुड़ सकते हैं।

केंद्रीय बजट में देशभर में 25,000 ग्रामीण क्षेत्रों को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए पीएमजीएसवाई चौथे चरण शुरू करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों के 250 से अधिक आबादी वाले 475 गांव सड़क से जुड़ेंगे। इन गांवों के लिए 1844 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए




केंद्र सरकार से बजट मिलेगा।

बता दें कि पीएमजीएसवाई प्रथम, द्वितीय चरण में 2620 सड़कें स्वीकृत हुई थीं। जिसमे से 2316 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही 311 पुल बनाए गए। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का विस्तार करने से उत्तराखंड को भी लाभ मिलेगा। पर्वतीय क्षेत्रों के दूरस्थ गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। सड़क बनने से ग्रामीणों की आवाजाही में सुविधा होगी और आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

# फ्लोटिंग पॉपुलेशन के लिए केंद्रीय सहायता की आस अधूरी, अब नीति आयोग से अनुरोध करेंगे सीएम

**देहरादून, एजेंसी।** सीएम धामी ने कहा कि नीति आयोग से हम निवेदन करेंगे कि करोड़ों लोगों की व्यवस्था के लिए हमें केंद्र से सहायता मिलनी चाहिए। कहा कि हमारी जितनी जनसंख्या है, उससे आठ गुना अधिक देशभर से लोग यहां आते हैं। चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, अन्य धार्मिक यात्राओं में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए हमें व्यवस्था करनी होती है।

केंद्रीय बजट में फ्लोटिंग पॉपुलेशन के हिसाब से केंद्रीय सहायता का प्रावधान न होने से राज्य में कुछ मायूसी भी है। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राज्य के जिन मुद्दों के लिए केंद्रीय सहायता अनुरोध किया था, उसमें फ्लोटिंग पापुलेशन का विषय भी प्रमुखता से शामिल था, लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं हुआ।

इधर,मुख्यमंत्री ने इस विषय को नीति आयोग के समक्ष रखने का फैसला किया है। कहा, हमारी जितनी जनसंख्या है, उससे आठ गुना अधिक देशभर से लोग यहां आते हैं। चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, अन्य धार्मिक यात्राओं में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए हमें व्यवस्था करनी होती है। नीति आयोग से हम निवेदन करेंगे कि करोड़ों लोगों की व्यवस्था के लिए हमें केंद्र से सहायता मिलनी चाहिए।

कहा, राज्य के हजारों कर्मचारी नई पेंशन योजना में बदलाव की उम्मीद कर रहे थे। हर साल उत्तराखंड भीषण वनाग्नि का सामना करता है। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र से वनाग्नि और आपदा में हाईवोल्टेज ट्रांसमिशन लाइन को होने वाली क्षति को एसडीआरएफ के मानकों शामिल करने का अनुरोध किया था। इसका भी बजट में जिक्र नहीं हुआ।

सरकार दुर्गम क्षेत्रों में जल विद्युत परियोजना में दो करोड़ प्रति मेगावाट के हिसाब से वाइबिलिटी गेप फंडिंग



के प्रावधान की उम्मीद कर रही थी, बजट में इसका भी उल्लेख नहीं हुआ। इसके अलावा मनरेगा के मानकों में छूट और वृद्धावस्था पेंशन में केंद्रांश को बढ़ाकर 200 से 500 करने की मांग भी अधूरी रह गई।


बजट में सरकार ने ऋषिकेश-उत्तरकाशी और टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन प्रोजेक्ट, सौंग बांध परियोजना के लिए विशेष प्रावधान की उम्मीद बंधी थी, जो पूरी नहीं हो पाई। इसके अलावा ग्रीन बोनस, भूस्खलन वाले क्षेत्रों के उपचार के लिए शोध केंद्र, पीएमजीएसवाई की तर्ज पर जल जीवन मिशन में मरम्मत के लिए वित्तीय प्रावधान का भी बजट में जिक्र नहीं हुआ।

सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल कहते हैं कि बजट में नौ प्रमुख प्राथमिकताओं में गंभीर पर्यावरणीय और जलवायु चुनौतियां बेहद कम या न के बराबर जिक्र है। उत्तराखंड, हिमाचल और सिक्किम के लिए जरूर आश्वासन है, लेकिन भारतीय हिमालयी क्षेत्र के लिए बजट में कुछ खास नहीं है। उत्तराखंड के लिए ग्रीन बोनस या फ्लोटिंग पापुलेशन के लिए कोई आवंटन नहीं किया गया। रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले देश के 147 जिलों में सबसे अधिक भूस्खलन प्रभावित हैं। उम्मीद थी कि बजट में उत्तराखंड के लिए कुछ ग्लेशियर या भूस्खलन अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

उत्तराखंड में 95,000 करोड़ रुपये की पारिस्थितिकी सेवाओं की बात होती है। हिमालयी राज्यों ने मिलकर हिमालय मंत्रालय की भी मांग की थी। बजट में इन मांगों को नजरअंदाज कर दिया गया। आने वाले समय में जीईपी के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे। उत्तराखंड सरकार को पता लगाना चाहिए कि हर बार उनकी ग्रीन बोनस को अपीलें क्यों विफल हो रही हैं। सिंचाई व बाढ़ न्यूनीकरण सेक्टर में बिहार के लिए 11500 करोड़ रुपये का स्पष्ट आवंटन है। बजट में हमारे प्रदेश के पिछले वर्ष 2023 की आपदा के लिए सहायता पैकेज का उल्लेख है, किंतु सहायता राशि नहीं है। यह अधिक स्पष्ट होता अगर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम के लिए भी बिहार की तरह आपदा सहायता राशि घोषित की गई होती।

# कश्मीरी गेट पर लगा केजरीवाल सरकार का ये शिविर देश के सबसे बड़े कांवड़ शिविर में से

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



केजरीवाल सरकार कांवड़ियों की सुविधा के लिए दिल्लीभर में 185 कांवड़ शिविर लगा रही है इससे संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क के कांवड़ शिविर का निरीक्षण कियो

बता दे कि केजरीवाल सरकार का ये शिविर देश के सबसे बड़े कांवड़ शिविरों में से एक है जहाँ एक समय में लगभग 20,000 कांवड़ियों के रुकने का इंतजाम किया जा सकता है यहाँ महिला-पुरुष कांवड़ियों के विश्राम के लिए अलग-अलग हॉल व कांवड़ियों के प्रसाद ग्रहण करने के लिए एक बड़ा डाइनिंग हॉल भी तैयार किया गया है

इस दौरान अधिकारीयों को निर्देश देते हुए राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, कांवड़ शिविर में कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए सभी जरुरी सुविधाओं का पुख्ता इंतजाम किया जाए ताकि शिवभक्तों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े उन्होंने कहा कि, सावन के पवित्र महीने में शिवभक्तों की सेवा करना पुण्य और आस्था का काम है इस दिशा में कांवड़ियों को तमाम सुविधाएँ मुहैया कर केजरीवाल सरकार अपनी जिम्मेदारी निभा रही है

राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि, पिछले 9 सालों से सावन के पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए शिविर लगाती है इस साल भी दिल्ली भर में 185 कांवड़ शिविर लगाए जा रहे है जहाँ कांवड़ियों के लिए तमाम सुविधाएँ मौजूद रहेंगी इसमें वाटरप्रूफ टेंट, रहने-सोने की व्यवस्था, साफ पानी, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था की जाती है कांवड़ियों के कांवड़ रखने के लिए विशेष स्टैंड मुहैया करवाए जाते है साथ ही हर कांवड़ शिविर में मेडिकल सुविधाएँ होती है।

उन्होंने कहा कि, इस साल भी सभी शिविरों में 24*7 मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे ताकि लंबी दूरी तय कर आ रहे कांवड़ियों का जरुरत पड़ने पर तुरंत उपचार दिया जा सकें और कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरियों को शिविरों से जोड़ा गया है। किसी भी आपात स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस को जोड़ा गया है। अस्पतालों को कांवड़िये के इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि हम सभी को कांवड़ियों का धन्यवाद करना चाहिए कि, हरिद्वार से जल लाकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का जो काम हम नहीं कर पाते वो पुण्य का काम हम सभी के लिए कांवड़िए कर रहे है ऐसे में इन कांवड़ियों की सेवा करना केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता और जिम्मेदारी है और हम अपने कांवड़ शिविरों में शिवभक्त कांवड़ियों के लिए सभी सुविधाएँ सुनिश्चित करेंगे

उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि, कांवड़ यात्रा के दौरान जिला प्रशासन अलर्ट पर रहे ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े साथ ही शिविर में कांवड़ियों को हर जरुरी सुविधाएँ मिले कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए हर जरुरी कदम सुनिश्चित किया जाऐ

बता दे कि सावन महीने में लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार से जल लेने जाते है ऐसे में दिल्ली सरकार राजधानी में जगह-जगह कांवड़ शिविर लगाती है जहाँ कांवड़ियों के रुकने और आराम करने के लिए हर जरुरी सुविधाएँ मुहैया करवाई जाती है ऐसे में इस साल भी केजरीवाल सरकार, दिल्ली में कांवड़ियों की सुविधा के लिए लगभग 185 कांवड़ शिविर लगवा रही है और अगले कुछ दिनों में सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह तैयार रहेंगे।

# केंद्र सरकार ने बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ किया सौतेला व्यवहार : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने बजट को निराशाजनक करार देते हुए बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया है। आप के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आज यहां कहा कि इस बार का बजट बेहद निराशाजनक रहा है। इस बजट में सरकार ने ना तो रोजगार पर ध्यान दिया है, ना ही युवाओं और किसानों के लिए कुछ किया है। केंद्र सरकार ने इस बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया है। डॉ.पाठक ने कहा कि आज सरकार को जगाने की जरूरत है। इतने महान देश के प्रधानमंत्री होने के बाद इतनी छोटी विचारधारा से बजट बनायेंगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा? सरकार के इस बजट का कोई लक्ष्य नहीं है। आज बेरोजगारी दर 7.2 से बढ़कर नौ प्रतिशत हो गई है। कॉर्पोरेट मुनाफा तो बढ़ गया है लेकिन रोजगार नहीं बढ़ पाया है। किसानों को एमएसपी की गारंटी तो बहुत दूर की बात है सरकार ने खाद की सब्सिडी में 36 फीसदी की कमी कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार देश के किसानों से बेहद नफरत करती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार अपने बजट में 25 फीसदी शिक्षा पर खर्च करती है, जबकि केंद्र सरकार दो फीसदी से भी कम का बजट शिक्षा क्षेत्र को देती है। सरकार देश के युवाओं को अनपढ़ रखना चाहते हैं। दिल्ली सरकार जहां अपने बजट में 15 फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र को देती है, वहीं केंद्र सरकार एक प्रतिशत से भी कम का बजट स्वास्थ्य को देती है।

## प्लास्टिक दाना फैक्टरी में भीषण आग

नई दिल्ली। नरेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित प्लास्टिक दाना की दो फैक्टरी में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। दमकल कर्मियों ने करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिलहाल कूलिंग का काम चल रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार नरेला इंडस्ट्रियल एरिया के सी ब्लाक में प्लास्टिक दाना की फैक्ट्री में आग लग गई। दमकल विभाग को सुबह 6.30 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकल अधिकारी ने बताया कि 25 गाड़ियों में सौ दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के काम में जुट गए,

## भतीजी को परेशान करने वाले की दनिदहाड़े की थी हत्या, दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुराद नगर, गाजियाबाद में दनिदहाड़े हुई सनसनीखेज हत्या की वारदात को दल्लिाी पुलसि ने सुलझा लिया है। इस मामले में दल्लिाी पुलसि की क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन एवं कडिनैपगि सेल ने वारदात को अंजाम देने वाले वांटेड शूटर को दल्लिीं के जगतपुरी इलाके से गरिफ्तार कयिा है। आरोपी की पहचान विनीत मलिक (42) के रूप में की गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय कुमार सैन ने बुधवार को बताया कि आरोपी विनीत मलिक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुकक रखता है। 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, मुराद नगर, गाजियाबाद में काम करता था। उसने कबूल कयिा कि उसने लाखन सिंह नामक शख्स की हत्यार कर दी थी। क्योंकि लाखन सिंह उसकी भतीजी को काफी समय से परेशान कर रहा था। इसलिए उसने पांच जून को अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर यूपी के मेरठ में लखन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मर्डर मामले में मेरठ के कंकरखेड़ा थाने में 8 जून को आईपीसी की धारा 302/364 के तहत मामला दर्ज कयिा गया और यूपी पुलसि आरोपी की तलाश में जुट गई। मामले में दल्लिाी पुलसि की क्राइम ब्रांच भी आरोपी की धरपकड़ के लिए जुटी हुई थी। जांच के दौरान पता चला था कि आरोपी दल्लिाीं में कहीं छपा हुआ है।

# याकुल्ट डैनोन इंडिया ने याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर प्रस्तुत किया

**नई दिल्ली : (जीतेन्द्र शर्मा)**

अपने प्रोबायोटिक बेवरेज पोर्टफोलियो में एक ताजा तड़का शामिल किया दुनिया के जाने-माने प्रोबायोटिक ब्रांड याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज यह ऐलान किया है कि वह 25 जुलाई 2024 को एक नई किस्म - याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर पेश करके अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का और बढ़ा रही है। इस पेशकश के कार्यक्रम में बॉलीवुड स्टार सान्या मल्होत्रा, मंत्री और भारत में जापान के दूतावास के मिशन के उप-प्रमुख श्री ताकाशी आरियोशी, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री ईजी अमानो और याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की विज्ञान और नियामक मामलों की प्रमुख डॉ. नीरजा हजेला मौजूद थीं।




याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर जाने-माने याकुल्ट के जैसा ही एक प्रोडक्ट है। इस नए प्रोडक्ट में असली और पहले वाले याकुल्ट के समान वही अपने जैसा एक प्रोबायोटिक, 650 करोड़ लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा (शिरोटा स्ट्रेन) उपलब्ध है। असली प्रोबायोटिक ड्रिंक का आविष्कार डॉ. मिनोरू शिरोटा नामक एक जापानी डॉक्टर ने किया था और इसे इंसानों के अच्छे माने जाने वाले बैक्टीरिया का सेवन करने के लिए तैयार किया गया था, जिसमें हमारी आँत तक जिंदा पहुँचने और सेहत के लिए जबरदस्त फायदा पहुँचाने की ताकत थी। 1900 के दशक की शुरूआत में जापान में साफ-सफाई की कमी और गरीबी के चलते बच्चों की इन्फेक्शन की वजह से होने वाली मौतों से दुखी होकर, उन्होंने बीमारियों और इन्फेक्शनों को होने के बाद ठीक करने के बजाय प्रोबायोटिक्स की शक्ति से बीमारियों को रोकने पर जोर दिया। उन्होंने बाजार में खाने की चीज के रूप में शिरोटा स्ट्रेन को पेश करके अपने सपने को साकार किया ताकि अधिक से अधिक लोग इसके बढ़िया स्वाद का मजा लेते हुए प्रोबायोटिक जीवाणु का फायदा उठा सकें। 90 से अधिक सालों के रिसर्च के जरिए, शिरोटा स्ट्रेन को रोजाना लेने पर पाचन बेहतर होता है और शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत बढ़ाने में मदद करने के लिए वैज्ञानिकों के द्वारा इसे सिद्ध पाया गया है। डॉ. शिरोटा के सिद्धांत के आधार पर, भारत में याकुल्ट कंपनी ने भारत के और भी ज्यादा लोगों की सेहत में योगदान देने के लिए देश के पसंदीदा फल के स्वाद में इस प्रोडक्ट, याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर को पेश किया है।

याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर की रिटेल कीमत 5 बोतलों के पैक के लिए 100 रुपये है, जो 25 जुलाई 2024 से 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में रिटेल दुकानों पर मिलेगा। साथ ही, याकुल्ट का एक अनूठा होम डिलीवरी सेल्स चैनल है, जिसमें तकरीबन 300 याकुल्ट लेडीज दिल्ली एन.सी.आर., चंडीगढ़, जयपुर, मुंबई और पुणे में ग्राहकों के घरों तक याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर सहित इस प्रोडक्ट को पहुँचाती हैं, जो कि ई-कॉमर्स के जरिए भी उपलब्ध हैं।

याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर की पेशकश के बारे में बोलते हुए, याकुल्ट डैनोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री इजी अमानो ने कहा, याकुल्ट में, हमारा मुख्य सिद्धांत अपने अनूठे प्रोबायोटिक स्ट्रेन लैक्टोबैसिलस कैसी शिरोटा स्ट्रेन का उपयोग करके दुनिया भर के ग्राहकों के पेट की सेहत को बेहतर बनाना है। भारत में हर रोज याकुल्ट की 2 लाख से अधिक बोतलों की खपत के साथ, हम घर-घर का नाम बन गए हैं, जिसका मजा कई परिवार अपने रोजमर्रा के नियम के तौर पर लेते हैं। याकुल्ट लाइट मैंगो फ्लेवर को पेश किए जाने के साथ, हम भारत के ग्राहकों के स्वाद और पसंद को पूरा करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को बढ़ा रहे हैं।

# आप सांसदों ने सीएम केजरीवाल की साजिशन गिरफ्तारी के खिलाफ संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी के सांसदों ने मोदी सरकार द्वारा ईडी-सीबीआई से सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कराने के खिलाफ संसद परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, डॉ. संदीप पाठक, राघव चड्ढा समेत अन्य सांसदों ने मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही, उन्होंने केंद्र से सीएम केजरीवाल को तत्काल रिहा करने और ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग बंद करने की मांग की। संजय सिंह ने कहा कि जेल में अब तक केजरीवाल का शुगर लेवल 36 बार 50 से नीचे आ चुका है। ऐसे में व्यक्ति कोमा में जा सकता है। मोदी सरकार उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रही है। लोअर कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन केंद्र के इशारे पर ईडी ने हाईकोर्ट से उस पर स्टे ले लिया और फिर सीबीआई से उनके खिलाफ एक फर्जी केस दर्ज करा दिया गया। इसलिए यह मामला केवल गिरफ्तारी भर का नहीं है, बल्कि अरविंद केजरीवाल को जेल में जान से मारने की गहरी साजिश का है।

अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक साजिश के तहत की गई गिरफ्तारी के खिलाफ संसद परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने किया। विभिन्न नारे लिखे तख्ती हाथों में लिए सांसदों ने अरविंद केजरीवाल के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी आवाज बुलंद की। आप सांसदों ने केजरीवाल को रिहा करो, ईडी-सीबीआई का दुरुपयोग का बंद करो, तानाशाही मुदार्बाद, हिटलरशाही मुदार्बाद, भाई के तीन हैं भाई, ईडी-आईटी और सीबीआई, हिटलरशाही बंद करो, तानाशाही बंद करो समेत तमाम नारे लगाए।

इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि जेल में अब तक अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 36 बार 50 से नीचे जा चुका है। जेल प्रशासन ने केजरीवाल के वकील को मेडिकल का प्रमाणित डाटा उपलब्ध करवाया है। केंद्र की भाजपा सरकार दिल्ली के तीन बार चुने हुए लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने की साजिश कर रही है। शुगर लेवल 50 से नीचे जाने पर कोई भी आदमी कोमा में जा सकता है। यह बहुत गंभीर स्थिति है। इसके

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अफशाना पत्नी श्री जाकिर, फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति की मालिक, 50 वर्ग गज यानि 41.80 वर्गमीटर, खसरा संख्या 325 आ और बा के भाग में, रोरावर, परगना और तहसील को लतथा जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में स्थित, मोहम्मद खालिद पुत्रश्री अब्दुल मजीद द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख के अनुसार, दस्तावेज़ संख्या 6490, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 8802 पृष्ठ 59 से 84 परपंजीकृत, 30.10.2017 को एसआरओ-II, अलीगढ़ में, और मूल बिक्री विलेख दिनांक 18.12.2010 के अनुसार दस्तावेज़ संख्या 12455, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 4321 पृष्ठ 343 से 358 पर पंजीकृत। 18.12.2010 को एसआरओ-II, अलीगढ़ में, ग्राहक के पास खो गया/गलत जगह पर रखा गया था और पहले से ही एलआर नंबर : 1835031/2024 द्वारा एफआई आर दर्ज की गई थी और आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा अलीगढ़ द्वारा वित्तपोषित किया जाना था, अगर किसी के पास उक्त संपत्ति पर कोई प्रभार/ब्याज/शीर्षक या किसी भी तरह का विवाद है, तो कृपया वर्तमान के 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में नीचे दिए गए पते पर सूचित करें।

**Yourstruly,**
**R.K. LAW CONSULTANTS**
**Authorized Signatory**
**Mob:+919050571075**

# गैम्बलिंग रैकेट का पदार्फाश, पुलिस ने 25 जुआरियों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने जुआरयिों के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने 25 जुआरयिों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासलि की है और उनके कब्जे से स्टैक मनी का 2,22,636 रुपए कैश के अलावा 39 मोबाइल फोन, 46 डायरियां, 13 डिजिटल कैलकुलेटर और अन्य तमाम सामान बरामद किया है। इन सभी आरोपयिों को स्पेशिल स्टॉफ ने आनंद पर्वत और दरियागंज इलाके से गिरफ्तार किया है। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट डीसीपी एम. हर्ष वर्धन ने बुधवार को बताया कि, स्पेशल स्टाफ की टीम को 20 जुलाई को खास सूचना मिली थी कि गली नंबर 3, थान सिंह नगर, आनंद पर्वत और कूचा चालान, दरियागंज में गैंबलिंग का बड़ा रैकेट चलाया जा रहा है। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी सुरेश खूंगा की समग्र देखरेख में स्पेशल स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर रोहित कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर आनंद पर्वत इलाके में आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। वहां एक इमारत में यह अवैध गतिविधियां चल रही थीं। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज छापेमारी के दौरान स्पेशल स्टाफ ने 11 लोगों को घरदबोचने में कामयाबी हासिल की है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ आनंद पर्वत थाने में दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1955 के तहत अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। इन सभी पकड़े गए 11 आरोपियों की पहचान मीना मल (38), जितेंद्र (45), आंसू (53), नितिन यादव उर्फ नन्नू (29), चिराग (23), अनवर अली उर्फ अन्नू (28), संदीप शर्मा (36), सुरेंद्र कुमार (35), मदनलाल (51), रविंद्र सक्सेना (39) और योगेश (24) के रूप में की गई है। इनके पास से पुलसि टीम ने स्टेरक मनी के रूप में 26,860 रुपए कैश बरामद कयिा है। दरियागंज सो 14 जुआरी गिरफ्तार इसके अलावा टीम ने दरियागंज के कूचा चालान की गली गधे वाली में भी एक प्रॉपर्टी पर छापेमारी कर यहां से 14 लोगों को दबोचने की सफलतापूर्वक कार्रवाई की।

### सूचना

मैं सेना में JC 343104N रैंक सूबेदार के पद पर सेवारत हूं। मेरी सर्विस बुक में, मेरी माँ का नाम और उनकी जन्मतिथि त्रुटिवश SARASWATI DEVI, 01-07-1944 दर्ज हो रखी है। जबकि, असल में मेरी मां का नाम SARSWATI है और उनकी सही जन्मतिथि 01-01-1959 है। अब उन्हें SARSWATI के नाम से ही जाना जाए।

कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री कन्हेया बख्श सिंह, सिलवारी, PO सवायजपुर, तहसील सवायजपुर जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रामपुर– जनपद रामपुर

पत्रांक: 1141 / H.O / न0पा0परि0रा / 2024 — दिनांक: 24 / 07 / 2024

### ई– निविदा

नगर पालिका रामपुर के निर्माण विभाग में ई टेण्डरिंग के माध्यम से 01 ई निविदा आमन्त्रित की जानी है। जिनको **e-tender-up-in** की वैबसाईट पर 25.07.2024 दिनांक से देखा जा सकता है।

01– ई–बिड डाक्यूमैण्ट की उपलब्धता तिथि – 25.07.2024
02– निविदा प्राप्त करने के लिए अन्तिम तिथि– 04.08.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक।
03– निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.08.2024 को अपराहन्ह 4.00 बजे तक।
04– निविदा आमन्त्रणकर्ता को आइटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साईट **http//etender-up-nic-in** पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रामपुर
जनपद रामपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रामपुर
जनपद रामपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रामपुर– जनपद रामपुर

पत्रांक: 1142 / H.O / न0पा0परि0रा / 2024 — दिनांक: 24 / 07 / 2024

### ई– निविदा

नगर पालिका रामपुर के निर्माण विभाग में पालिका निधि की धनराशि के अर्न्तगत ई– टेण्डरिंग के माध्यम से 02 ई निविदा आमन्त्रित की जानी है। जिनको **e-tender-up-in** की वैबसाईट पर 26.07.2024 दिनांक से देखा जा सकता है।

01– ई–बिड डाक्यूमैण्ट की उपलब्धता तिथि : – 26.07.2024
02– निविदा प्राप्त करने के लिए अन्तिम तिथि :– 05.08.2024 को दोपहर 2.00 बजे तक।
03– निविदा खोलने की तिथि एवं समय : – 05.08.2024 को अपराहन्ह 4.00 बजे तक।
04– निविदा आमन्त्रणकर्ता को आइटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साईट **http//etender-up-nic-in** पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रामपुर
जनपद रामपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रामपुर
जनपद रामपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूँ ( अमरोहा )

पत्रांक:–1337 / न0पा0परि0बछ0 / 2024 — दिनांक:–24 / 07 / 2024

### अल्पकालीन कुटेशन सूचना

नगर पालिका परिषद बछरायूँ जिला अमरोहा सूचित करती है कि राज्य वित्त आयोग/स्वचछ भारत मिशन/बोर्ड फंड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रचार–प्रसार हेतु निम्नलिखित कार्य कराना चाहती हैं। इच्छुक ठेकेदार/सम्बन्धित व्यक्ति दिनांक .24/07/2024 को दोपहर 12:00 बजे से 14/08/2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारो/ फर्मो से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक ठेकेदार कार्यालय पर रखे टेंडर बाक्स मे डाल सकते है। जो उसी दिन दिनांक 14/08/2024 को अपरान्ह 4:00.बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी कुटेशन मान्य नही होगा। किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/ अध्यक्ष महोदय का होगा। कार्य का आगणन किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय के निर्माण विभाग मे देखा जा सकता है।

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| 1 | पलिका के एम0आर0एफ0 सेन्टर की बाऊडी वॉल पर रंगाई पुताई का कार्य। | 15 दिन |
| 2 | संचारी रोग के नियंत्रण के प्रचार–प्रसार हेतु नगर में मुख्य चौराहों पर फलैक्स बोर्ड लगाने का कार्य। | 15 दिन |

1. निर्धारित अवधि के बाद कोई भी कुटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. कोई भी कुटेशन बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।
3. कुटेशन की दरें शब्दों व अंको में स्पष्ट रूप (बिना कटिंग/ओवर राईटिंग) से प्रतिशत के आधार पर दी जायेगी एवं प्रत्येक कार्य हेतु कुटेशन अलग–अलग लिफाफे पर कार्य का नम्बर अंकित करना आवश्यक हैं।
4. कार्यो से सम्बन्धित अन्य जानकारी अद्योहस्ताक्षरी या उसके प्रतिनिधि की सहायता से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूँ से की जा सकती हैं। धनराशि उपलब्ध होने पर भुगतान किया जायेगा।
5. उक्त निर्धारित तिथि में अवकाश की दशा में अगले दिन प्राप्त/खोलने का कार्य किया जायेगा।
6. कुटेशन स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बछरायूँ में निहित हैं तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।
7. कुटेशन के सम्बन्ध में अन्य विस्तृत सूचना एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में न0पा0प0 बछरायूँ के सम्बन्धित विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बछरायूँ
(अमरोहा)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बछरायूँ
(अमरोहा)

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, गुरूवार, 25 जुलाई, 2024

# केंद्र सरकार ने अपने बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया: संदीप पाठक

## मोदी सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों से कोई मतलब नहीं है: संदीप पाठक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने बजट 2024 को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। वहीं, उन्होंने मंगलवार को दिल्ली में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक में उठाए गए मुद्दों पर भी जानकारी दी। संदीप पाठक ने कहा कि इस बार का बजट बेहद निराशाजनक रहा है। इस बजट में सरकार ने ना तो रोजगार पर ध्यान दिया है, ना ही युवाओं और किसानों के लिए कुछ किया है। केंद्र सरकार ने इस बजट में दिल्ली और पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इंडिया गठबंधन की बैठक में नीति आयोग की बैठक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सेहत का मुद्दा भी उठा। नीति आयोग की बैठक में केंद्र सरकार की तरफ से निमंत्रण तो दिया जाता है लेकिन उस बैठक में कुछ नहीं निकलता है। बैठक में बड़ी-बड़ी बातें की जाती हैं पर लागू एक भी नहीं होती। इस बार के बजट से केंद्र सरकार का विजन साफ दिखाई दे रहा है। केन्द्र सरकार छोटी मानसिकता के साथ काम कर रही है। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने आगे कहा कि आज सरकार को जगाने की जरूरत है। आप एक विशाल देश के प्रधानमंत्री हैं, इतने महान देश के प्रधानमंत्री होने के बाद इतनी छोटी विचारधारा से आप बजट बनाओगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा? इंडिया गठबंधन की बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जाहिर की गई। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। उनका शुगर लेवल बार-बार कम हो रहा है। उनका शुगर लेवल 50 से भी नीचे गिरता जा रहा है। इस तरीके से रात में शुगर लेवल कम होना किसी भी व्यक्ति की जान के लिए बहुत बड़ा खतरा है। इसपर छत्त्र साहब चिट्ठी लिखकर कहते हैं कि आप यह नहीं खा रहे है, वह नहीं खा रहे हैं। एक इंसान की जान का सवाल है और आप इस तरह की घटिया मजाक कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल हुए विपक्ष के सभी नेताओं ने इसपर चिंता जाहिर की है और कहा कि अरविंद केजरीवाल जी की जान के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। बजट पर संदीप पाठक ने कहा कि सरकार के इस बजट का कोई लक्ष्य नहीं है। आप 10 साल से सरकार चला रहे हो तो आपके पास एक रोडमैप तो होना चाहिए। आपको पता होना चाहिए कि किस क्षेत्र को बढ़ावा देना है। आज बेरोजगारी दर 7.2 से बढ़कर 9% हो गई है। आपका कॉर्पोरेट मुनाफा तो बढ़ गया है लेकिन रोजगार नहीं बढ़ पाया है। किसानों को एमएसपी की गारंटी तो बहुत दूर की बात है आपने फर्टिलाइजर की सब्सिडी में 36 फीसदी की कमी कर दी है। भाजपा सरकार देश के किसानों से बेहद नफरत करती है। आप कॉर्पोरेट के बारे में तो सोच रहे हो लेकिन आपने किसान और युवाओं के बारे में एक बार भी नहीं सोचा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र से आपको कोई मतलब नहीं है। दिल्ली सरकार अपने बजट में 25 फीसदी बजट शिक्षा पर खर्च करती है, वहीं केंद्र सरकार दो फीसदी से भी कम का बजट शिक्षा क्षेत्र को देती है। आप देश के युवाओं को अनपढ़ रखना चाहते हैं। दिल्ली सरकार अपने बजट में 15 फीसदी स्वास्थ्य क्षेत्र को देती है, वहीं केंद्र सरकार एक प्रतिशत से भी कम का बजट स्वास्थ्य को देती है।

उन्होंने आगे कहा कि आयुष्मान भारत भी अन्य योजनाओं की तरह एक जुमला बनकर रह गया है। आयुष्मान भारत के लिए आप 7000 करोड़ का बजट रखते हो जबकि अकेले दिल्ली सरकार का हेल्थ बजट 9000 करोड रुपए है। यह किस तरह का भद्दा मजाक केंद्र सरकार देश के लोगों के साथ कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और किसानों से इन्हें कोई मतलब नहीं है, इन्हें बस अपनी कुर्सी बचानी है। जो केंद्र सरकार के राजनीतिक दोस्त हैं उन राज्यों को बजट में सबसे ऊपर रखा गया है। आपने गठबंधन होने के बाद ही क्यों उन राज्यों के बारे में सोचा? इससे पहले आपने उन राज्यों के बारे में कुछ क्यों नहीं किया? दिल्ली और पंजाब के साथ आपने भेदभाव किया है क्योंकि यहां पर आपके साथियों की सरकार नहीं है। अपने दिल्ली और पंजाब के हिस्से का पैसा रोक रखा है। आप किसी एक पार्टी या किसी एक राज्य के प्रधानमंत्री नहीं हैं, आप पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। केंद्र सरकार ने इस बार अपनी कुर्सी को बचाने वाला बजट पेश किया है। प्रधानमंत्री जी ने अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए यह बजट बनाया है, इस बजट का देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

# भाजपा के सातों नवनिर्वाचित सांसद प्रधानमंत्री से करें दिल्ली को बजट में राजधानी विशेष धन आवंटन की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी एवं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले से पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम बजट एनडीए सरकार के स्थायित्व की गारंटी देने वाला ऐतिहासिक बजट है। वत्स ने कहा दिल्ली देश की राजधानी होने के नाते इसका स्वरूप मिनी इंडिया जैसा है। इसलिए केंद्रीय बजट में दिल्ली को राजधानी होने के नाते विशेष धन आवंटन की जरूरत है। वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके उनसे दिल्ली के लिए विशेष धनराशि बजट में आवंटित करने की मांग की है। वत्स ने कहा इस समय दिल्ली देश की राजधानी भले ही हो लेकिन यह विश्व का सबसे प्रदूषित ओर गंदा शहर है। इसे रहने लायक बनाने के लिए काम होना चाहिए।स्वच्छता के मामले में पूरा हर गंदगी से पटा पड़ा है। कूड़े के पहाड़ बन गये हैं। पूरी दिल्ली में गंदे ओर बरसाती पानी की निकासी के आधुनिकतम ड्रेनेज सिस्टम नहीं हैं जिससे जरा सी बरसात में जलभराव से राजधानी पानी में डूबे जाती है। हर साल गर्मियों में पेयजल संकट रहता है। पानी की स्टोरेज के लिए दिल्ली का अपना कोई सिस्टम नहीं है। सारी दिल्ली की सीवर ओर पानी की लाईनें जर्जर हो चुकी हैं। जिससे लोगों को नल से स्वच्छ जल भी नहीं मिर्च रहा है। मुख्य ओर संपर्क सड़कें बदहाल हैं। उच्च शिक्षा ओर स्वास्थ्य सेवाएं विश्वस्तरीय होनी चाहिएं पर हैं नहीं। परिवहन सेवाएं चरमराई हुई है। लोगों की बुनियादी मूलभूत सुविधाओं तक के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है। वत्स ने कहा कि शहरी क्षेत्र स्लम बन गये हैं। दिल्ली के गांवों की भी हालत खस्ता है। वत्स ने दिल्ली के नवनिर्वाचित सातों सांसदों से भी आग्रह किया है कि वह दिल्ली के संपूर्ण विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ओर केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहें ओर दिल्ली को बदहाली से बचाने के लिए, दिल्ली की बेहतरी के लिए राजधानी दिल्ली को विशेष धन आवंटन कराएं। देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली के संसाधनों पर भारी बोझ बढ़ रहा है। दिल्ली के नागरिकों को खुली साफ हवा में सांस लेने की व्यवस्था तो सरकार करें।

वत्स ने दिल्ली के सातों नवनिर्वाचित सांसदों से मांग की है कि वे दिल्ली के सांसद प्रतिनिधि होने के नाते प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से दिल्ली के ढांचागत विकास और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए राजधानी विशेष धन आवंटन का आग्रह करें।

# नरेला में तीन मंजिला फैक्ट्री में लगी सुबह भीषण आग

- 23 गाड़ियां और 115 फायर कर्मी बुझाने में जुटे रहे
- आग की लपटें और आसमान तक धुएं का गुब्बार फैला

संवाददाता



आउटर नॉर्थ दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित प्लास्टिक की फैक्ट्री में आज सुबह सुबह अचानक भीषण आग लग गई। जब तक उसे बुझाया जाता, आए तेजी से फैलती चली गई। जिसकी वजह से साथ वाली एक दूसरी फैक्ट्री को भी चपेट में ले लिया। मौके पर फैक्ट्री की तीन मंजिला बिल्डिंग आग की चपेट में आ गई और धुआं का गुब्बार आसमान तक फैलता हुआ नजर आने लगा। फायर ब्रिगेड की 23 गाड़ियां मौके पर आग बुझाने की कोशिशें में जुटी हुई है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग के अनुसार सुबह 6:34 पर कंट्रोल रूम को आग लगने की जानकारी दी गई थी। तुरंत आसपास के फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली गाड़ी भेजी गई। डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर एस के दुआ, डिविजनल ऑफिसर ए के जायसवाल और बाद में डीओ वेदपाल को भी भेजा गया। मौके पर 115 फायरकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। दोपहर में आग पर कंट्रोल किया गया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था।

मौके पर सुबह अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था। आग से निकलने वाला धुआं काफी दूर से नजर आने लगा था। एहतियात के लिए आसपास के इलाके की लाइट को काट दिया गया। जिस गाड़ी में पानी खत्म हो गया, वो फिर पानी भरकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हुई थी। कुछ हद तक आग पर कंट्रोल कर लिया गया, लेकिन पूरी तरीके से काबू पाने की कोशिश में फायरकर्मी जुटे हुए थे। फैक्ट्री के अंदर किसी के फंसे होने की संभावना नहीं के बराबर थी। क्योंकि जिस समय आग लगी, अंदर कोई मौजूद नहीं था। आग पर पूरी तरीके से काबू पाने के बाद अंदर सर्च ऑपरेशन किया जाएगा, उसके बाद साफ हो पाएगा कि हादसे में किसी के जान का नुकसान तो नहीं हुआ है।

# प्रसिद्ध लाल साईं मंदिर में भगवान शनि देव की मूर्ति तोड़ा

- रात वारदात,,पुलिस को मिला CCTV फुटेज, कर रही जांच
- पूर्व मेयर बोले धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की कोशिश

संवाददाता




पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी स्थित प्रसिद्ध श्री लाल साईं मंदिर में स्थापित श्री शनिदेव की मूर्ति को मंदिर से चुराकर और फिर उसे बगल में ले जाकर तोड़ने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया। इस वारदात की सूचना जब बुधवार सुबह मंदिर खुला तो पता चला। उसके बाद वहां पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जनकपुरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज में चेक किया तो पता चला कि रात 3:51 से लेकर 3:55 के अंदर में एक युवक पहुंचा है। उसने पहले इधर-उधर देखा मंदिर से फिर शनि भगवान की मूर्ति उठाई और फिर बगल में ले जाकर तोड़ करके फिर वहां से फरार हो गया। यह वारदात धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के लिए की गई है या फिर युवक का कुछ और मकसद था। यह अभी पता नहीं चल पाया है।

मौके पर पहुंचे दिल्ली के पूर्व मेयर नरेंद्र चावला ने कहा की पुलिस सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर उसके आधार पर छानबीन कर रही है। कोशिश किया जा रहा है कि युवक की जल्द से जल्द पहचान हो सके। जिससे उसे पकड़ने के बाद पूछताछ किया जा सके और उसकी पूरी वारदात के बारे में पता चल सके। लगता है, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उम्मीद है आरोपी को जल्द पकड़ लिया जायेगा।

# शमशान के साथ कूड़ा घर, विरोध में गांव के लोग

- पुलिस और टउऊके विरोध में उतरे सभी मैदान में
- मुबारकपुर डबास में शमशान के पास कूड़ा घर का विरोध
- महिलाएं, बुजुर्ग और युवा भी उतरे विरोध में
- एमसीडी-पुलिस का विरोध, नहीं बनने देंगे कूड़ा घर
- अंतिम समय में भी क्या बदबू से करेंगे गांव वाले सामना

संवाददाता



दिल्ली देहात के मुबारकपुर डबास गांव के शमशान के साथ कूड़ा घर बनाने को लेकर गांव वाले विरोध में आ गए। काफी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग, गांव के युवा इकट्ठा हो गए। साथ ही आसपास के गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए और एमसीडी के द्वारा बनाए जा रहे कूड़ा घर को लेकर विरोध शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पालम 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी भी पहुंच गए और उन्होंने गांव वालों के साथ मिलकर एमसीडी और पुलिस प्रशासन का विरोध करना शुरू कर दिया है।उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर यहां पर कूड़ा घर बनाने नहीं देंगे। क्योंकि इस शमशान भूमि में दूर-दूर से गांव के लोग आते हैं। कूड़ा घर बनने से यहां बदबू फैलेगी और यह गांव वालों के लिए अन्याय होगा। क्योंकि अंतिम समय में भी बदबू का सामना लोगों को करना पड़ेगा। यह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय निवासी पुष्पराज, हवा सिंह ने बताया की एमसीडी कूड़ा घर बनाने के लिए पूरी तरीके से मनमानी कर रहा है। इसके लिए वह पुलिस फोर्स भी अपने साथ लेकर आया। इसलिए इनका विरोध करने के लिए मजबूरन सुरेंद्र सोलंकी ने आसपास के गांव के लोगों को भी मौके पर बुलाया। जिसमें मुंडका, कराला, मजरी, कंझावला, किराड़ी इत्यादि के लोग भी मौके पर पहुंचकर इसका विरोध शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले को लेकर एमसीडी और पुलिस की तरफ से कोई भी आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

# तितली कबूतर पर चल रहा था दो जगह गेंबलिंग का अड्डा

- आनंद पर्वत और दरियागंज में पुलिस की रेड, 25 गिरफ्तार

संवाददाता



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने आनंद पर्वत और दरियागंज इलाके में दो गैंबलिंग के अड्डे पर छापा मारकर 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से 2.22 लाख से ज्यादा का अमाउंट भी पुलिस ने जप्त किया है। साथ ही वहां से 39 मोबाइल, 46 डायरी, 13 डिजिटल कैलकुलेटर, गैंबलिंग में इस्तेमाल चार्ट और प्लेइंग कार्ड भी काफी मात्रा में बरामद किया गया है। यहां पर गैंबलिंग का अड्डा तितली कबूतर चार्ट के द्वारा खेला जा रहा था।

डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि इंस्पेक्टर रोहित कुमार की टीम को एक इनफार्मेशन मिली थी। और उस इनफॉरमेशन के आधार पर पुलिस टीम ने आनंद पर्वत के थान सिंह नगर स्थित गली नंबर 3 में और उसके बाद दरियागंज के कूचा चलान में छापा मारा और इन जगहों से 25 लोगों को पकड़ा गया। आनंद पर्वत के थान सिंह नगर से 11 लोगों को और दरियागंज से 14 लोगों को पकड़ा है।

यह सभी आरोपी दिल्ली के नई बस्ती, आनंद पर्वत, दिलशाद गार्डन, करोल बाग, दरियागंज के अलावा बिहार के किशनगंज और अररिया इत्यादि जिलों के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ आगे की कार्रवाई पुलिस टीम कर रही है। गैंबलिंग के अड्डे को चलाने वाले आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# वाइफ गई कनाडा, फिर हसबैंड ने बनाया उड़ान का प्लान

- एजेंट से बनवाया वीजा, एयरपोर्ट पर ही खुल गई पोल

संवाददाता



आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के एक एजेंट को गिरफ्तार किया है। जिसने फजीवाड़ा करके एक शख्स को कनाडा भेजने के लिए डॉक्यूमेंट तैयार किया था। लेकिन एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट की जांच के दौरान उस सख्स की पोल खुल गई और उसके बाद उससे पूछताछ हुई तो इस एजेंट के बारे में उसने पूरी जानकारी दे दी। डीसीपी उषा रंगनानी के अनुसार गिरफ्तार एजेंट की पहचान जयदीप सिंह के रूप में हुई, यह रामपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 19-20 जुलाई की आधी रात जगजीवन प्रीत सिंह एयरपोर्ट पर पहुंचा। उसके पास पासपोर्ट और वीजा मौजूद था, वह कनाडा के टोरंटो वर्क विजा पर जा रहा था। एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो उसमें गड़बड़ झाला का पता चला। उसके बाद उस शख्स को रोक लिया गया, पूछताछ में पता चला कि उसके डॉक्यूमेंट को फर्जी वाड़ा करके बनाया गया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की गई। आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका दोस्त भी विदेश गया हुआ है, वहां अच्छी कमाई कर रहा है। पिछले साल उसकी पत्नी भी कनाडा वर्क विजा पर चली गई, तो उसने भी प्लान बनाया जाने के लिए। वह एक एजेंट जयदीप सिंह के संपर्क में आया उसने 3 लाख में बात की। पासपोर्ट और वीजा बनाकर उसे कनाडा में वर्क वीजा पर भेजने के लिए तैयार किया। लेकिन डॉक्यूमेंट जांच में जगजीवन प्रीत सिंह की पोल एयरपोर्ट पर ही खुल गई। वह तो पकड़ा गया ही उसके बाद इस एजेंट को भी पुलिस ने दबोच लिया।

# पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बाहर बच्ची से दुष्कर्म

नई दिल्ली। लाहौरी गेट इलाके में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता 12 जुलाई को लोनी से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन गई थी। इसके बाद से वह स्टेशन के बाहर पेड़ के नीचे रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार रात एक शख्स ने धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपी युवक ऑटो में बैठकर भाग गया। इसके बाद लड़की ने पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कराने और महिला आयोग की काउंसलर के सामने बयान दर्ज कराने के बाद बच्ची को आश्रम में भर्ती करा दिया गया है। उसने अब तक पुलिस और काउंसलर किसी को भी अपने घर परिवार के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। लाहौरी गेट पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस से भी इस बाबत संपर्क साधा है। वहीं, आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पुलिस ने टक्कर मारकर फरार होने के एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी के वाहन ने एक मोटरसाइकिल को कथित तौर पर टक्कर मारी थी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान धीरज तलवार के रूप में हुई है और वाहन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया, 22 जुलाई को पीसीआर को राष्ट्रीय राजमार्ग-आठ पर पिलर संख्या 163 के पास एक दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना देने वाले व्यक्ति ने हमें बताया कि मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं और गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली छावनी थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और सड़क पर खून पड़ा हुआ देखा।

उपायुक्त ने बताया, घायलों को पहले ही एंबुलेंस से एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। नसरीन (35) और उसके बेटे अजीम (13) को मृत घोषित कर दिया गया। नसरीन के पति महबूब (37) और बेटी आयशा (छह) का इलाज जारी है। वे अपना बयान देने में असमर्थ हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अधिकारी ने बताया, हमने करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। हमने वाहन की पहचान की और उसके मालिक से पूछताछ की। वाहन के मालिक ने पुलिस को बताया कि उसका पति धीरज तलवार कार लेकर निकला था, जिसके बाद तलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऑटो यूनियन का प्रतिनिधि मंडल परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मिला, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के ऑटो यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली सचिवालय में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मुलाकात की। इस दौरान, प्रतिनिधि मंडल ने परिवहन मंत्री के समक्ष अपने कुछ मुद्दे रखे, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा ऑटो चालकों का साथ देती रही है और हम आगे भी सरकार से सहयोग मिलने की उम्मीद करते हैं। परिवहन मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को उनके सभी मुद्दों का यथा शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। परिवहन मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार शुरू से ही ऑटो चालकों के साथ खड़ी रही है और उनके हितों को प्राथमिकता देती आई है। पिछले 9 सालों में सरकार ने ऑटो चालकों का जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए उनको कई राहतें देने का काम किया है। सरकार आगे भी ऑटो चालकों के साथ खड़ी रहेगी और उनके हितों को प्राथमिकता देती रहेगी। दरअसल, दिल्ली के ऑटो यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल ने सचिवालय में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से मुलाकात कर अपने कुछ मुद्दे परिवहन मंत्री के समक्ष रखे। प्रतिनिधि मंडल कहा कि परिवहन विभाग ने बुराड़ी से हटाकर राजपुरा रोड पर कार्यालय बनाया है। लेकिन अभी वहां वाटर कूलर नहीं लगा है और वेटिंग एरिया भी नहीं बना है। इस पर परिवहन मंत्री ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही वहां पर वाटर कूलर लगा दिया जाएगा और शेड लगाकर वेटिंग एरिया बना दिया जाएगा। प्रतिनिधियों ने बताया कि पहले उन्हें ऑटो का लाइसेंस बनवाने लिए ऑटो चलाकर टेस्ट देना पड़ता था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने नया नियम बना दिया है कि अगर ऑटो चलाने के लिए लाइसेंस बनवाना है तो उनको कार चलाकर टेस्ट देना होगा। इससे उन ऑटो चालकों दिक्कत हो रही है, जिनको कार चलानी नहीं आती है और वो ऑटो का लाइसेंस नहीं बनवा पा रहे हैं। इस पर परिवहन मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे पर अधिकारियों से बात कर इसके समाधान का रास्ता तलाशेंगे।

इस दौरान ऑटो यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके लिए बहुत सारे काम किए हैं और उन्हें सम्मान दिलाया है। खासकर कोरोना महामारी के दौरान जब लॉकडाउन लग गया था, तब एक साथ सभी ऑटो चालक बेरोजगार हो गए थे। उस दौरान आमदनी नहीं होने के कारण घर की आर्थिक हालत खराब हो गई थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनकी इस समस्या को समझा और दो बार 5-5 हजार रुपए की आर्थिक मदद की। कोराना के दौरान केवल दिल्ली ही इकलौता राज्य रहा, जहां सरकार ने ऑटो चालकों को आर्थिक मदद की। इसके अलावा उन्हें डिम्टस, सिम, फिटनस समेत कई तरह की फीस देनी पड़ती थी, जिसे सरकार ने माफ कर दिया।

केजरीवाल सरकार से ऑटो चालकों को मिली ये राहतें

- कोरोना में 2 बार 5-5 हजार यानि कुल 10 हजार रूपए दिए।
- डिम्टस की फीस 1420 रुपए सलाना से घटाकर शून्य कर दी।
- सिम की फिस 584 रुपए सलाना से घटाकर फ्री कर दी।
- फिटनस की फिस 600 रूपए सलाना से घटाकर मुफ्त कर दी।
- ऑटो मीटर की रोड ट्राई भी खत्म की।
- ड्राइविंग लाइसेंस और फिटनेस पर लगने वाली क्लास बंद कर दी।
- परमिट फीस को 1000 से घटाकर 500 कर दिया।
- आरसी का पता बदलवाले पर हर महीना 500 रुपए (6 हजार सालाना) पेनल्टी लगती थी। इसे घटाकर 100 (1200 रुपए सालाना) कर दिया।
- दिल्ली के अंदर 511 ऑटो स्टैंड बनवाए।

इसके अलावा ये भी काम किए

- ऑटो चालकों के परिवार का भविष्य भी सुरक्षित किया।
- सीएम केजरीवाल ने स्कूलों का कायाकल्प कर दिया
- सभी ऑटो वालों के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं। बुराड़ी के रमेश आटो वाले की बेटी केजरीवाल के सरकारी स्कूल में पढ़कर केंद्रीय विद्यालय में टीचर बन गई।

# डीयू: एमए उर्दू के विद्यार्थियों को जल्द ही पढ़ाए जा सकते हैं कबीर के दोहे

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद अगर पाठ्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव को मंजूरी दे देती है तो विश्वविद्यालय में उर्दू विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी आध्यात्मिक संत कबीर दास के दोहे पढ़ते नजर आएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि कला संकाय की ओर से प्रस्तावित संशोधन को यदि मंजूरी मिलती है तो एमए उर्दू के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों को कबीर वाणी के दोहे पढ़ाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से कला संकाय ने एम.ए. उर्दू के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में दो पाठ्यपुस्तकें शामिल करने का प्रस्ताव किया है। अधिकारियों ने कहा कि इन पाठ्यपुस्तकों में अली सरदार जाफरी द्वारा लिखित कबीर वाणी और प्रभाकर मंचवे द्वारा लिखित कबीर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अगर पाठ्यक्रम में बदलाव की मंजूरी मिल जाती है तो अगस्त में शुरू होने वाले 2024-25 शैक्षणिक सत्र से ही इसे लागू किया जा सकता है। कार्यकारी परिषद विश्वविद्यालय का शीर्ष निर्णय निकाय है जिसकी बैठक 27 जुलाई को होगी। इससे पहले विद्यार्थियों को पहले खंड के तहत मुल्ला वजही द्वारा रचित सब-रस (पहला भाग) पढ़ाया जाता था

# दिल्ली सरकार कांवड़ियों के लिए लगा रही 185 शिविर, मंत्री आतिशी ने लिया जायजा



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार कांवड़ियों की सुविधा के लिए 185 शिविर लगा रही है। इससे संबंधित तैयारियों का जायजा लेने के लिए राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को कश्मीरी गेट स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क के कांवड़ शिविर का निरीक्षण किया। यह देश के सबसे बड़े कांवड़ शिविरों में से एक है, जहां एक समय में लगभग 20,000 कांवड़ियों के ठहरने का इंतजाम किया जा सकता है। यहां महिला-पुरुष कांवड़ियों के विश्राम के लिए अलग-अलग हॉल और प्रसाद ग्रहण करने के लिए एक बड़ा डाइनिंग हॉल भी तैयार किया गया है। इस शिविर में कावड़ियों की सुविधा के लिए सभी सामान रखे गए हैं। आतिशी ने कहा कि पिछले नौ सालों से सावन के पवित्र महीने में केजरीवाल सरकार कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए शिविर लगाती है। इस साल भी दिल्ली भर में 185 शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां कांवड़ियों के लिए तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी। शिविर में वाटरप्रूफ टेंट, रहने-सोने की व्यवस्था, साफ पानी, शौचालय सहित अन्य व्यवस्था की जाती है। कांवड़ रखने के लिए विशेष स्टैंड मुहैया कराए जाते हैं। साथ ही हर कांवड़ शिविर में मेडिकल सुविधाएं होती है। उन्होंने कहा कि इस साल भी सभी शिविरों में हर समय मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे, जिससे लंबी दूरी तय करके आ रहे कांवड़ियों को जरूरत पड़ने पर तुरंत उपचार दिया जा सके। कांवड़ियों की सुविधाओं के लिए स्थानीय डिस्पेंसरी को शिविरों से जोड़ा गया है। किसी भी आपात स्थिति के लिए कैट्स एंबुलेंस को तैयार रखा गया है। अस्पतालों को इलाज के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं।



# आदित्य धर की फिल्म धुरंधर में नजर आएंगे रणवीर सिंह

बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आदित्य धर इन दिनों में सुर्खियों में बने हुए हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि उनकी बहुचर्चित फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा की शूटिंग को उन्होंने कुछ दिनों के लिए होल्ड पर रखा है। वहीं सूत्रों की मानें तो आदित्य धर अब रणवीर सिंह के साथ काम करते नजर आने वाले हैं। आदित्य धर की की धांसू एक्शन फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह अहम भूमिका में दिखेंगे। चलिए आपको बताते हैं कि वे इस फिल्म की शूटिंग कब से शुरू करने जा रहे हैं। आदित्य धर एक्शन से भरपूर फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं। उनकी आगामी फिल्म धुरंधर भी एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित बताई जा रही है।

रणवीर सिंह के फैंस उनकी इस एक्शन-पैक्ड थ्रिलर फिल्म के बारे में जानकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो आदित्य की यह फिल्म इंडियन इंटेलिजेंस एजेंसी के वर्ल्ड में सेट किया जाएगा। साथ ही साथ यह भी कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस फिल्म की शूटिंग 25 जुलाई से शुरू करने जा रहे हैं। फिल्म का पहला शेड्यूल थाईलैंड में शूट किया जाएगा। वहीं रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे धुरंधर के अलावा फरहान अख्तर की डॉन 3 भी नजर आने वाले हैं। सूत्रों की मानें तो उन्होंने शाहरुख खान को डॉन 3 में रिप्लेस किया है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ पहली बार कियारा आडवाणी अहम भूमिका में दिखाई देंगी। इसके अलावा वे सिंघम अगेन में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आने वाले हैं।



# पहले हार्ट ब्रेक के बारे में बोलीं जान्हवी कपूर



जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने पहले हार्ट ब्रेक के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि यह हार्ट ब्रेक तकलीफ देने वाला नहीं था क्योंकि बाद में उसी शख्स के साथ दोबारा पैचअप हो गया था। हाउटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में जान्हवी ने कहा- मैं वास्तव में लाइफ में केवल एक बार हार्ट ब्रेक से गुजरी हूं। लेकिन वो शख्स वापस मेरी लाइफ में आ गया था। इस वजह से लास्ट में सब कुछ अच्छा हो गया। जान्हवी ने आगे कहा कि कम उम्र में पीरियड्स के दौरान उनका मूड स्विंग बहुत होता था। इसका असर उनके रिलेशनशिप पर भी पड़ता था। इस बारे में उन्होंने कहा- मैं पीरियड्स में हर महीने में उस शख्स से लड़ाई कर रिश्ता तोड़ लेती थी। फिर दो दिन बाद मैं रोते हुए सॉरी बोल देती थी और हम साथ आ जाते थे। यह सब बहुत ज्यादा हो गया था। फिलहाल जान्हवी, शिखर पहाड़िया के साथ रिलेशनशिप में हैं। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्मों में आने से पहले जान्हवी और शिखर रिलेशनशिप में थे। लेकिन जब जान्हवी फिल्मों में आईं तब दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हालांकि फिर से दोनों साथ आ गए। शिखर के अलावा भी जान्हवी का नाम एक-दो टॉप एक्टर्स से जुड़ चुका है।

## उलझ में नजर आएंगी जान्हवी

जान्हवी की अपकमिंग फिल्म उलझ है। ये फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में जान्हवी IFS ऑफिसर का रोल करेंगी। नेशनल अवॉर्ड विनर सुधांशु सरिया फिल्म के डायरेक्टर हैं। वहीं फिल्म को जंगली पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। उलझ के अलावा जान्हवी के पास दो और फिल्में हैं जिनमें जूनियर एनटीआर के साथ देवरा पार्ट वन और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शामिल हैं।

# विक्की कौशल की एक्स कहे जाने पर हरलीन सेठी ने दी प्रतिक्रिया

इन दिनों हरलीन सेठी अपनी वेब सीरीज बैड कॉप को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। बैड कॉप एक क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है, जो रेंसिल डिसिल्वा और रेहान खान द्वारा लिखित और आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित है। इसमें अनुराग कश्यप, गुलशन देवैया, हरलीन सेठी, सौरभ सचदेवा, अनुपम के सिन्हा, सुभम शर्मा, शत्रुघ्न कुमार ने अभिनय निभाया है। इस सीरीज के अलावा हरलीन अपनी लव लाइफ को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हरलीन ने काफी समय तक बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल को डेट किया था। हाल ही में हरलीन ने विक्की कौशल की पूर्व गर्लफ्रेंड कहे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काफी समय पहले हरलीन और विक्की कौशल एक-दूजे को डेट करते थे और फिर 2019 में इन दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में अब हरलीन ने अपने और विक्की के रिलेशनशिप को लेकर सफाई दी है। एक इंटरव्यू के दौरान हरलीन ने विक्की की पूर्व प्रेमिका कहे जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि वह खुद को इससे जोड़ना पसंद नहीं करती हैं। दरअसल, जब एक इंटरव्यू के दौरान हरलीन सेठी से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी लोगों के बीच पहचान पाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, क्योंकि उन्हें विक्की कौशल की पूर्व प्रेमिका के रूप में लोग ज्यादा पहचान पाते हैं। इस पर हरलीन ने जवाब देते हुए कहा, मेरे इंस्टाग्राम बायो में दो शब्द हैं, आई एम...आगे कुछ नहीं है। मुझे सामान्य तौर पर किसी भी चीज से अपनी पहचान बनाने में समस्या होती है। आगे हरलीन ने कहा कि वह खुद को अभिनेत्री भी नहीं कहेंगी, क्योंकि उन्हें जीवन में अनेक भूमिकाएं निभानी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हरलीन सेठी से जब विक्की कौशल को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आप जीवन में अपने सभी अनुभवों का ही रूप हैं। इसलिए आपके जीवन में आने वाले हर व्यक्ति और हर चीज के लिए हमेशा आभारी होना बहुत जरूरी है, जिसने आपको काफी कुछ सिखाया और साथ ही सबक भी दिया।

# राधिका मदान ने किया नाम की स्पेलिंग बदलने की वजह का खुलासा



राधिका मदान हाल ही में उन मशहूर हस्तियों में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने अलग-अलग कारणों से अपने नाम की स्पेलिंग में बदलाव किया है। रितेश देशमुख, अजय देवगन और नुसरत भरुचा जैसे सितारों की तरह राधिका ने अपने नाम की स्पेलिंग में एक अतिरिक्त के जोड़कर बदलाव किया। स्पेलिंग में बदलाव के असली कारण का खुलासा करते हुए अब राधिका ने बताया कि उनकी मां अंक ज्योतिष में विश्वास करती हैं। उन्होंने कहा- मां को खुश रखना बहुत जरूरी है, नाम की स्पेलिंग बदलने का इसका अलावा कोई कारण नहीं है। राधिका मदान इन दिनों सरफिरा फिल्म को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में उन्होंने अक्षय कुमार के साथ कमा किया है। फिल्म में उन्होंने रानी का किरदार निभाया था, अब वे अगली बार सना में नजर आएंगी।



# आमिर के साथ मोना सिंह की हैट्रिक! इस बार बनेंगी गैंगस्टर

अभिनेत्री मोना सिंह ने शो जस्सी जैसी कोई नहीं के जरिए काफी लोकप्रियता हासिल की। इसके बाद उन्होंने बड़े पर्दे पर भी अपनी अच्छी पहचान बनाई है। अभिनेता आमिर खान के साथ वह दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वर्ष 2009 में फिल्म 3 इडियट्स में आमिर और मोना सिंह साथ नजर आए थे फिर लाल सिंह चड्ढा (2022) में साथ दिखे। अब आमिर खान के प्रोडक्शन की अगली फिल्म हैप्पी पटेल खतरनाक जासूस में भी मोना सिंह नजर आएंगी। इस फिल्म में अभिनेत्री गैंगस्टर की भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी।

# एक्टिंग फील्ड में प्यार और पैसा दोनों है

5 जुलाई को सीरीज मिर्जापुर 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई है। सीरीज की हर तरफ चर्चा हो रही है। लेकिन गोलू के किरदार को दर्शक सबसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस किरदार को श्वेता त्रिपाठी ने निभाया है। श्वेता ने बताया कि एक्टिंग में आने से पहले वे जर्नलिस्ट थीं। इसके बाद वॉयस ओवर और कास्टिंग का भी काम किया। फिर श्वेता का एक्टिंग फील्ड में आना हुआ।

**मिर्जापुर के बाद लाइफ कैसी हो गई है?**

अब तो घर-घर में नाम हो गया है। जहां भी जाती हूं, लोग गोलू दीदी, गोलू डॉन कहकर पुकारते हैं। ये सब देख कर बहुत अच्छा लगता है। इस तरह के निक नेम को सुन कर अपनापन सा महसूस होता है।

**एक्टिंग का कीड़ा कब लगा?**

कभी एक्टर बनने के बारे में सोचा नहीं था। पापा ऑफिसर हैं, मां टीचर हैं। इस वजह से सिनेमा से कोई कनेक्शन नहीं था। लेकिन एक बात सच है कि अगर आपको एक्टिंग का कीड़ा काट लिया, तो आप दूसरा चाहे कोई भी प्रोफेशन चुन लें, बिना एक्टिंग किए आपको सुकून नहीं मिलेगा। मैं खुद को लकी मानती हूं कि मैं उसी प्रोफेशन में काम कर रही हूं, जिसमें हमेशा से काम करना चाहती थी। एक्टिंग के बिना मैं खुद की लाइफ को इमेजिन भी नहीं सकती हूं। मुझे खुशी होती है कि एक एक्टर होने की वजह से लोगों का इतना प्यार मिल जाता है और कमाई भी हो जाती है।

**पेरेंट्स को जब पता चला कि आप एक्टर बनना चाहती हैं, तो उनका क्या रिएक्शन था?**

मैंने बतौर वॉयस ओवर आर्टिस्ट करियर की शुरुआत की थी। सबसे पहले मैंने एक फिल्म बर्ड आइलैंड के 3-4 कैरेक्टर के लिए डबिंग की थी। इसके बाद मैं टीवी ड्रामा क्या मस्त है लाइफ का हिस्सा बनी। जब इस शो में पहली बार पेरेंट्स ने मुझे देखा तो चौंक गए। उन्होंने कहा- अच्छा, तुम टीवी पर भी दिखोगी। इससे पहले उन्होंने मान लिया था कि मैं शौकिया कुछ प्रोजेक्ट्स में बतौर वॉयस ओवर आर्टिस्ट काम कर लिया करूंगी। पेरेंट्स को ये बात एक्सेप्ट करने में थोड़ा वक्त लगा कि मैं एक फुल टाइम एक्टर हूं। वे लोग भी अपनी जगह सही थे। इससे पहले उन्होंने मुझे एक जर्नलिस्ट, फोटो एडिटर और कास्टिंग डायरेक्टर के तौर पर काम करते हुआ देखा था। ऐसे में मुझे फुट टाइम एक्टर के तौर पर देखना उनके लिए थोड़ा मुश्किल था। जब पेरेंट्स ने मुझे फिल्म मसान में देखा, तब उन्होंने एक्सेप्ट कर लिया कि मैं एक फुल टाइम एक्टर हूं।





# डर-डरकर की थी रॉक ऑन की शूटिंग, बहुत दबाव में था

एक्टर पूरब कोहली को आज भी माय ब्रदर निखिल और रॉक ऑन जैसी शुरुआती फिल्मों के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उनका कहना है कि तब बतौर एक्टर उनमें बिल्कुल भी आत्मविश्वास नहीं था। अवॉर्ड विनिंग रॉक ऑन तो उन्होंने डर-डरकर की थी। हाल ही में वेब सीरीज 36 डेज में नजर आए पूरब ने खास बातचीत में ऐसे ही कई रोचक खुलासे किए।

**इन दिनों आप काफी चुनिंदा काम कर कर रहे हैं। क्या इसकी एक वजह आपका लंदन शिफ्ट होना है?**

नहीं-नहीं, मैं इंडिया काफी आता रहता हूं। साल में कुछ महीने यहीं बिताता हूं। अपने काम को लेकर चूजी मैं हमेशा से रहा हूं। मैं हर काम नहीं करता। ज्यादा काम भी नहीं करता। साल में एक-दो प्रोजेक्ट हो जाए तो मुझे लगता है कि बहुत काम हो गया। मेरे छोटे बच्चे हैं, परिवार है तो मेरी कोशिश होती है कि मैं ज्यादा से ज्यादा वक्त उनके साथ बिताऊं मगर मेरे भीतर का जो कलाकार है, उस बच्चे को भी खुराक देना पड़ता है। इसलिए, काम भी करता रहता हूं पर मेरी सोच ये रहती है कि अगर मैं अपनी फैमिली को छोड़कर जा रहा हूं तो वो काम मुझे खुशी देना चाहिए। मेरे लिए जरूरी है कि वह काम करके मैं उतना ही खुश महसूस करूं जितना घर पर करता हूं।

**ऐसी कोई फिल्म या किरदार याद है, जिसे आपने एंजॉय नहीं किया?**

बिल्कुल याद है। जब रॉक ऑन में मैंने केडी का रोल किया था मुझे बिल्कुल भरोसा नहीं था कि मैं वो कर पाऊंगा। मैंने डर-डरकर वो फिल्म की थी। मैं पहली बार बड़ी फिल्म कर रहा था। फरहान अख्तर-रितेश सिधवानी की फिल्म थी। उनकी दिल चाहता है का मैं बहुत बड़ा फैन था तो मेरे लिए वह बहुत बड़ा मौका था। इसलिए, उसकी शूटिंग के दौरान मैं बहुत दबाव में था कि बड़ी फिल्म है, बड़े लोग हैं, अच्छा रोल है। मैं हर शॉट के बाद मैं गट्टू (अभिषेक कपूर) की तरफ देखता था कि मैंने ठीक किया ना। मुझे खुद पर बिल्कुल भरोसा नहीं था। अभी सोचता हूं तो लगता है कि उस दबाव के कारण मैंने केडी करते हुए बिल्कुल एंजॉय नहीं किया।

**आपने कहा था कि आपको बड़ा पर्दा काफी लुभाता है, लेकिन इन दिनों आप लगातार सिर्फ ओटीटी पर आ रहे हैं। ऐसा क्यों?**

सच कहूं तो मैं खुद बिग स्क्रीन को बहुत मिस कर रहा हूं। मैंने पिछले साल एक फिल्म ब्लाइंड की थी, जो बड़े पर्दे के लिए ही थी लेकिन लॉकडाउन वगैरह की वजह से ओटीटी पर रिलीज हुई। अभी मेरी तीन और फिल्में हैं जो अगले 12 से 18 महीने में आएंगी। तीनों को बड़े पर्दे पर लाने का ही प्लान है, लेकिन देखते हैं क्या होता है। आजकल कुछ कहा नहीं जा सकता।

# विदेश में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं परिणीति चोपड़ा

हाल ही में फिल्म अमर सिंह चमकीला में अपने दमदार किरदार से पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा फिलहाल विदेश में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एक वीडियो शेयर किया है। परिणीति ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है जहां उनके 4.42 करोड़ फॉलोअर्स हैं। वीडियो में उन्हें सड़क पर चलते देखा जा सकता है। उन्होंने इसे कैप्शन दिया है, सबसे बड़ा फ्लेक्स (शो ऑफ) - मीटिंग के लिए पैदल जाना। एक अन्य वीडियो में परिणीति खुशी-खुशी टहलती दिख रही हैं। उन्होंने काले रंग की ड्रेस पहनी हुई है और इसे ग्रे स्वेटर के साथ पेयर किया है। उन्होंने इसके लिए बिना मेकअप वाला लुक चुना है। उनके बाल खुले हैं। उन्होंने इस लुक को साइड स्लिंग बैग और सफेद जूतों के साथ पूरा किया है। परिणीति ने हाल ही में बायोग्राफिकल म्यूजिकल ड्रामा अमर सिंह चमकीला में अमरजोत कौर का किरदार निभाया था। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पंजाब के मूल रॉकस्टार अमर सिंह चमकीला की अनकही सच्ची कहानी को बयां करती है, जो अपने समय के सबसे ज्यादा रिकॉर्ड बेचने वाले कलाकार थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



व्यापार

सेंसेक्स
80502.08 पर बंद
निफ्टी
24509.25 पर बंद

सोना
72,030
चांदी
91,034

# बजट के बाद अंबानी को झटका, अडानी को फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बजट डे पर घरेलू शेयर मार्केट में जबर्दस्त उतार-चढ़ाव का असर भारतीय अरबपतियों की संपत्ति पर भी पड़ा। सेंसेक्स में लिस्टेड कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बजाज फिनसर्व के शेयर में सबसे अधिक गिरावट आई। इसका असर इन कंपनियों के निवेशकों ही नहीं उनके मालिकों पर भी पड़ा। जिन शेयरों के भाव में उछाल आया उनके निवेशक के साथ-साथ मालिक भी मालामाल हो गए।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक टॉप-10 अरबपतियों में से मंगलवार को केवल 3 की संपत्ति में गिरावट दर्ज की गई, जिसमें रिलायंस इंस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी टॉप लूजर रहे। आरआईएल के शेयरों में गिरावट की वजह से इनकी संपत्ति 1.10 अरब डॉलर कम होकर 112 अरब डॉलर रह गई। नुकसान उठाने वाले दूसरे अरबपति अजीम प्रेम जी हैं। विप्रो के शेयरों में गिरावट की वजह से इनका नेटवर्थ 123 मिलियन डॉलर कम होकर 28.4 अरब डॉलर रह गया। जबकि, कुमार बिड़ला को भी 200





मिलियन डॉलरर का झटका लगा। इनकी कुल संपत्ति अब 22.2 अरब डॉलर है।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में मंगलवार को 751 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। अब इनका नेटवर्थ 102 अरब डॉलर हो गया है। शापूर मिस्त्री की दौलत में 219 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इनका नेटवर्थ अब 40.50 अरब डॉलर है। शिव नादर की दौलत में 409 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। इनका नेटवर्थ अब 37.2 अरब डॉलर हो गया है।

जेएसडब्ल्यू स्टील की मालकिन सावित्रि जिंदल की संपत्ति में 10.5 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। अब उनका नेटवर्थ 33.7 अरब डॉलर है। दिलीप सांघवी के नेटवर्थ में 264 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई। इनका नेटवर्थ 26.1 अरब डॉलर है। राधाकृषण दमानी ने भी मंगलवार को 234 मिलियन डॉलर कमाए। इनकी कुल संपत्ति अब 24 अरब डॉलर है। सुनील मित्तल की दौलत 4 मिलियन डॉलर बढ़कर 23.2 अरब डॉलर हो गई है।

## सुजलॉन एनर्जी के शेयर ने मचाया गदर, 60 पर पहुंच गया भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों में लगातार तेजी देखी जा रही है। कंपनी के शेयर में आज बुधवार को भी 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है और यह शेयर पहली बार 60 के स्तर को पार कर गया है। कंपनी के शेयर में इस तेजी के पीछे जून तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, सुजलॉन एनर्जी का अप्रैल-जून की अवधि में नेट प्रॉफिट 200 प्रतिशत बढ़कर 300 करोड़ से अधिक हो गया। वहीं, कंपनी का रेवेन्यू भी 50 प्रतिशत बढ़ गया है। कंपनी की डिलीवरी सात साल में उच्चतम स्तर पर रही। सुजलॉन ग्रुप के सीएफओ हिमांशु मोदी ने कहा कि कंपनी ने मार्च तिमाही से ऑर्डर में कुछ बढ़ोतरी देखी है। तिमाही के लिए सुजलॉन का मार्जिन 17.5 प्रतिशत रहा

, जो कि पिछले साल से लगभग 400 आधार अंकों का विस्तार था, और मोदी का मानना है कि कंपनी 17 प्रतिशत से 18 प्रतिशत के बीच मार्जिन बैंड को बरकरार रख सकती है। सुजलॉन ने तिमाही का अंत 3.8 गीगावॉट की अपनी उच्चतम ऑर्डर बुक के साथ किया, जिसे मोदी के अनुसार, अगले 18-24 महीनों में वितरित करने की आवश्यकता है। ग्रुप सीएफओ ने आगे कहा कि जहां वित्तीय वर्ष 2024 बैलेंस शीट समेकन के बारे में था, वहीं चालू वित्तीय वर्ष लाभप्रदता पर ध्यान केंद्रित करेगा। तिमाही के लिए सुजलॉन का मार्जिन 17.5 प्रतिशत रहा, जो कि पिछले साल से लगभग 400 आधार अंकों का विस्तार था, और मोदी का मानना है कि कंपनी 17 प्रतिशत से 18 प्रतिशत के बीच मार्जिन बैंड को बरकरार रख सकती है।

## अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट को सराहा, कहा- घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा

### घरेलू उपभोक्ताओं और विदेशी निवेशकों को होगा फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने मोदी सरकार के पहले बजट की तारीफ की है। दरअसल अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के संगठन द यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट की सराहना की है और कहा है कि इससे घरेलू उपभोक्ताओं और विदेशी निवेशकों को फायदा होगा। साथ ही बजट में भारत में व्यापार शुरू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है। इससे भारत में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

यूएसआईएसपीएफ ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और भारत सरकार को अच्छा बजट पेश करने के लिए बधाई भी दी। यूएसआईएसपीएफ ने बयान में कहा कि मोदी सरकार का बजट समावेशी राजकोषीय सावधानी, विकास आधारित पहल के बीच का अच्छा संतुलन है, जो घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही विदेशी निवेशकों को भी फायदा देगा। साथ ही भारत में व्यापार शुरू करने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया गया है। यूएसआईएसपीएफ ने विदेशी कंपनियों पर टैक्स के 35 प्रतिशत घटाने के फैसले का भी स्वागत किया।

बयान में कहा गया है कि टैक्स घटाने से न सिर्फ घरेलू और विदेशी निवेशकों के बीच संतुलन बनेगा, साथ ही इससे वैश्विक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और कंपनियां चीन से भारत शिफ्ट हो सकेंगी। संगठन ने चिकित्सीय उपकरणों, मोबाइल फोन, चार्जर और सौर ऊर्जा उपकरणों पर टैक्स में कटौती कर अहम फैसला लिया है। इससे घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा और सप्लाई चेन भी बेहतर होगी, जो भारत में औद्योगिक विकास के लिए अहम है। यूएसआईएसपीएफ के अनुसार, भारत के इनोवेशन सिस्टम में कई गड्ढे हैं, लेकिन एंजेल टैक्स हटाने के फैसले से देश में स्टार्टअप सिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही घरेलू और विदेशी स्तर पर फंडिंग भी बढ़ेगी।

कैंसर की दवाओं पर टैक्स घटाने की भी तारीफ की गई है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं और अहम खनिज, ऊर्जा स्थानांतरण नीतियों और डिजिटलीकरण को लेकर किए गए फैसलों की भी यूएसआईएसपीएफ ने तारीफ की।

## 585 रुपये तक जा सकते हैं आईटीसी के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईटीसी के शेयर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए हैं। आईटीसी के शेयर बुधवार को 3 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 510.60 रुपये पर जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर अपने 52 हफ्ते के नए हाई पर हैं। आईटीसी के शेयर पहली बार 500 रुपये के पार पहुंचे हैं। इससे पहले, मंगलवार को कंपनी के शेयर 499.7 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर थे। आईटीसी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 399.30 रुपये है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 492.05 रुपये पर बंद हुए थे।

### 585 रुपये तक जा सकते हैं कंपनी के शेयर

विदेशी ब्रोकरेज हाउस जेफरीज ने आईटीसी के शेयर खरीदने की सलाह दी है। जेफरीज ने आईटीसी की रेटिंग को अपग्रेड करके बाय ( कर दिया है। इससे पहले, ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों का होल्ड रेटिंग दी थी। साथ ही, जेफरीज ने आईटीसी के शेयरों का टारगेट प्राइस भी बढ़ाकर 585 रुपये कर दिया है। जेफरीज ने पहले आईटीसी के शेयरों के लिए 435 रुपये का टारगेट दिया था। ब्रोकरेज हाउस मैक्वायरी ने भी आईटीसी के शेयरों के लिए 560 रुपये का टारगेट दिया है।

# गूगल के 23 अरब डॉलर की डील को झटका डब्ल्यूआई 5 ने अधिग्रहण प्रस्ताव ठुकराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सर्च इंजन गूगल के अमेरिकी क्लाउड साइबर सिक्योरिटी स्टार्टअप डब्ल्यूआई 5 को खरीदने की योजना को बड़ा झटका लगा है। डब्ल्यूआई 5 ने गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट की टेकओवर बोली को ठुकरा दिया है। यह डील 23 अरब डॉलर (लगभग 1,922 अरब रुपये) की थी। सीएनबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक डब्ल्यूआई 5 के सह-संस्थापक असफ रैपापोर्ट ने डील को लेकर कहा कि ऐसे प्रपोजल को ना कहना कठिन है।

सूत्रों के मुताबिक कंपनी ने संभावित डील को छोड़ने के कारणों के रूप में अविश्वास और निवेशक चिंताओं को गिनाया है। अब कंपनी का फोकस आईपीओ और राजस्व बढ़ाने पर है। विज के संस्थापकों ने



पहले सुरक्षा स्टार्टअप बनाया था। बता दें कि डब्ल्यूआई 5 की स्थापना 2020 में हुई थी और यह रैपापोर्ट के तहत तेजी से विकसित हुआ है। डब्ल्यूआई 5 के वजूद में आने के तुरंत बाद कोविड महामारी आ गई। कर्मचारियों को दूर से काम करने में मदद करने के लिए कंपनियां क्लाउड-आधारित सॉफ्टवेयर और इंफ्रा को अपनाने लगीं। इस बदलाव से डब्ल्यूआई 5 को बड़ा फायदा हुआ। अपनी स्थापना के एक साल से भी कम समय के बाद डब्ल्यूआई 5 ने .100 मिलियन के फंडिंग राउंड की घोषणा की। यह कंपनी मई में एक आईपीओ लाने की योजना बना रही थी। डब्ल्यूआई 5 ने 18 महीनों में वार्षिक राजस्व .100 मिलियन तक पहुंचाया और यह पिछले वर्ष .350 मिलियन तक पहुंच गया बता दें कि गूगल ने 2022 में 5.4 बिलियन डॉलर में साइबर सुरक्षा कंपनी मैंडिएंट का अधिग्रहण किया। गूगल का सबसे बड़ा सौदा 2012 में 12.5 बिलियन डॉलर में हार्डवेयर निर्माता मोटोरोला का अधिग्रहण है। कंपनी ने 2014 में उस खरीद से प्राप्त परिसंपत्तियों को 2.9

## रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चे तेल के आयात को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी मंजूरी मिली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए अमेरिका से एक गुड न्यूज आई है। इसकी वजह से आज शेयर मार्केट में गिरावट के बावजूद आरआईएल के शेयरों में तेजी है। सुबह करीब 11 बजे सेंसेक्स पर रिलायंस एक फीसद से अधिक बढ़त के साथ 3005 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहा था। दरअसल रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चे तेल के आयात को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी मंजूरी मिल गई है। ईटी की खबर के मुताबिक इस घटनाक्रम से परिचित लोगों के अनुसार, रिलायंस ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद वेनेजुएला से तेल आयात को फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी मंजूरी हासिल कर ली है। भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट रिफाइनर ने जल्द ही वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद शुरू करने की योजना बनाई है। अमेरिकी ट्रेजरी ने इस अपडेट पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है और रिलायंस ने ईमेल का जवाब नहीं दिया है। सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, डेटा इंटेलिजेंस फर्म केपलर के अनुसार पिछले साल प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से वेनेजुएला से भारत के कच्चे तेल के आयात में रिलायंस की हिस्सेदारी लगभग 90 प्रतिशत थी। वाशिंगटन ने पिछले साल दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के सोने और ऑयल सेक्टर पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध हटा दिए थे, जब राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और विपक्ष ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की गारंटी देने के लिए एक समझौते पर साइन किए थे। वेनेजुएला ने समझौते का सम्मान नहीं किया तो अप्रैल में प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया गया और तेल कंपनियां वहां ट्रेड जारी रखने के लिए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग से परमिट के लिए आवेदन कर रही हैं।

## एनएसई प्रमुख ने केंद्रीय बजट 2024 को नौकरियों और स्टार्टअप के लिए 10/10 बताया

**मुंबई , एजेंसी।** बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज संसद में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में देश में रोजगार सृजन को बहुत बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकारी क्षेत्र के अलावा निजी क्षेत्र भी रोजगार सृजन में भाग ले। साथ ही एंजल टैक्स पर राहत प्रदान करके और मुद्रा ऋण योजना की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करके भारत को नंबर 1 स्टार्टअप राष्ट्र और उद्यमियों का राष्ट्र बनाने का विजन भी नजर आ रहा है। सरकार ने भारत के श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है, जिससे कार्यबल में युवा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर देश उनके सहयोग से और तेज गति से आगे बढ़ सकेगा।

## स्किल इंडिया प्रतिस्पर्धी और समावेशी वर्कफोर्स के लिए ग्लोबल स्किल को मजबूत कर रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओसाका, जापान से ओसाका प्रीफेक्चर के उप-राज्यपाल श्री यामागुची नोबुहिको के नेतृत्व में एक डेलिगेशन ने कौशल भवन, नई दिल्ली का दौरा किया और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारत सरकार के साथ रणनीतिक चर्चा में शामिल हुए, जिसमें एमएसडीई, मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर्स (एमईए) और नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसडीसी) के अन्य अधिकारी भी शामिल थे। इस चर्चा में कौशल विकास के क्षेत्र में ओसाका प्रीफेक्चर और भारत के बीच इकोनॉमी और ह्यूमन रिसोर्स कॉलोब्रेशन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं के लिए वैश्विक कैरियर के अवसरों को बढ़ाना है। दोनों देश अपनी साझेदारी के सेन्टर पिलर के रूप में इंटरनेशनल मोबिलिटी को बढ़ावा देने के साझा विज़न को अपनाते हैं। कौशल विकास के क्षेत्र में उनकी संयुक्त पहल दोनों देशों के बीच पहले से ही मजबूत संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही है।

## सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और डीकार्बोनाइजेशन पर जोर देने के लिए यूनियन बजट वित्त वर्ष 2025 की सराहना की

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी।** सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) ने आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यूनियन बजट 2024-25 का स्वागत किया। यह बजट भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए एक सराहनीय दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, रोजगार सृजन और ऊर्जा सुरक्षा पर विशेष जोर दिया गया है।

बजट पर टिप्पणी करते हुए सीमेंट मैन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) के अध्यक्ष और श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नीरज अखौरी ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति के परिप्रेक्ष्य में, केंद्रीय बजट 2024-25 रूपांतरकारी और भविष्य-दर्शी है, जो वित्तीय समेकन पर ध्यान केंद्रित करता है। 11 लाख करोड़ रुपये की पूंजीगत व्यय की घोषणा सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं और आवंटनों के माध्यम से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्रियों की मांग बढ़ेगी। ये पहल सामूहिक रूप से विभिन्न क्षेत्रों में भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बजट के व्यापक और रणनीतिक दृष्टिकोण



को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा, इसके अतिरिक्त, सीमेंट उद्योग भारत सरकार के नेट जीरो लक्ष्यों के साथ संगत है। हार्ड टू अबेट उद्योगों को परफॉर्म, अचीव एंड ट्रेड मोड से इंडियन कार्बन मार्केट मोड में स्थानांतरित करने का ट्रांजिशन रोडमैप एक स्वागत योग्य कदम है। यह रोडमैप भारत के ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को और बढ़ावा देगा और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगा। समग्र रूप से, यह बजट अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी है, और सीमेंट उद्योग राष्ट्र के विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। सीएमए के उपाध्यक्ष और जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री पार्थ जिंदल ने कहा, बजट वास्तव में एक मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था के लिए मार्ग प्रशस्त करता है,



जो विकास को समतुल्य और स्थायी बनाता है। इसका रोजगार, कौशल विकास और शहरी विकास पर ध्यान केंद्रित करना समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री के पैकेज, जिसमें कौशल और रोजगार से जुड़े प्रोत्साहनों पर जोर दिया गया है, न केवल कार्यबल की क्षमताओं को बढ़ाएगा, बल्कि सीमेंट क्षेत्र में नई नौकरियों के अवसर भी उत्पन्न करेगा। जैसे-जैसे सीमेंट उद्योग नई तकनीकों के साथ तालमेल बिठा रहा है, भारत को एक ऐसे कार्यबल की आवश्यकता है जो कुशल और सुसज्जित हो। शिक्षा, रोजगार, और कौशल विकास पहलों के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन एक कुशल कार्यबल के निर्माण में बड़ा प्रभाव डालेगा, जो सीमेंट उद्योग में प्रभावी ढंग से योगदान कर सकता है।

## कोस्टा कॉफी के भारतीय बरिस्ता ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के आधिकारिक पार्टनर के रूप में बिखेरेंगे अपना जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोस्टा कॉफी ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 का आधिकारिक पार्टनर होगा। पूरी दुनिया में भारतीय बरिस्ता को केंद्र में लाने और कॉफी की संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ये बेहद महत्वपूर्ण कदम है। छह कियोस्क और 110 से भी अधिक सेल?फ-सर्व पैक्टो मशीनों के साथ, छह देशों की 130 कोस्टा कॉफी टीम पूरे पेरिस में बने सात वेन्यू में अपना हुनर दिखायेंगी। ये टीम प्रशंसकों तथा खिलाड़ियों को ठंडे तथा गर्म पेय का बेहतरीन अनुभव कराएगी। इस साझेदारी के तहत कोस्टा कॉफी तीन बेहतरीन भारतीय बरिस्ता- अमीर फेयज़, मल्लिका त्रिपुरा और अभिषेक कुमार को पेश कर कर रही है। अपने कौशल को थोड़ा और धार देने तथा कोस्टा कॉफी के टीम वर्क व उत्कृष्टता के मूल्यों को पेश करने के लिए इन्होंने काफी मुश्किल ट्रेनिंग की है। उन जगहों पर पूरा कामकाज बेहतर तरीके से हो पाए, इसके लिए टीम के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद हैं और खिलाड़ियों तथा दर्शकों के लिए कॉफी की विशेष मास्टरक्लास भी आयोजित की जाएगी। ओलंपिक के रोमांच को थोड़ा और बढ़ाने के लिए कोस्टा कॉफी टीम के चुनिंदा सदस्यों को ओलंपिक गेम्स में मशाल थामने का भी शानदार मौका दिया जाएगा। विनय नायर, जनरल मैनेजर, इंडिया एंड इमर्जिंग इंटरनेशनल, कोस्टा कॉफी, कोका-कोला कंपनी, का कहना है, हम ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के आधिकारिक कॉफी पार्टनर बनकर काफी खुश हैं। इससे ना केवल हमारे भारतीय बरिस्ताओं को अपने कौशल और कलात्मकता को इतने प्रतिष्ठित मंच पर दिखाने का मौका मिलेगा

## केन्द्रीय बजट 2024 में रोजगार के नये अवसर: अभीक बरूआ

**मुम्बई एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित बजट मुख्य रूप से रोजगार और कौषल निर्माण जैसे संबंधित मुद्दो पर केन्द्रित रहा है और इससे प्रतिवर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। मि. अभीक बरूआ चीफ इकोनोमिस्ट, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने केन्द्रीय बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुऐं कहा कि बजट का मुख्य फोकस रोजगार और कौशल निर्माण जैसे संबंधित मुद्दों पर रहा है। भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को भुनाने के लिए सरकार के प्रयास श्रम प्रधान उत्पादन, कौशल विकास पहल, औपचारिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में इसके प्रयासों में दिखाई देते हैं। बजट अनुमान के अनुसार इन उपायों से प्रति वर्ष 8 मिलियन रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी - जो कि आर्थिक सर्वेक्षण में निर्धारित रोजगार जरूरतों के अनुरूप है। पहली बार काम करने वालों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के साथ-साथ आयकर स्लैब में बदलाव से डिस्पोजेबल आय में वृद्धि के कारण विशेष रूप से छोटी टिकट वाली वस्तुओं के लिए खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बजट का नीति मिश्रण - जिसमें निरंतर पूंजीगत व्यय, रोजगार सृजन, विनिर्माण, कृषि और ग्रामीण विकास के लिए समर्थन शामिल है - भारत की संभावित वृद्धि के लिए सकारात्मक होने की संभावना है।

सरकार ने अपने कुछ सहयोगियों को आवंटन में वृद्धि के बावजूद अपनी पूंजीगत व्यय योजनाओं पर कोई समझौता नहीं किया। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.9 प्रतिशत तक कम करने के साथ राजकोषीय समेकन के प्रति प्रतिबद्धता मध्यम अवधि के ऋण स्थिरता के लिए सकारात्मक है। हालांकि पूंजीगत लाभ कर में वृद्धि से बाजार निराश हैं, लेकिन यह सरकार और नियामकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा सतर्क रहने और सिस्टम में जोखिम के किसी भी अतिरिक्त निर्माण को रोकने के लिए संचार के अनुरूप है।

## टी20 सीरीज शुरू होने से पहले ही श्रीलंका को झटका

### प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा बाहर




**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज होनी है। इसके लिए मंगलवार को ही श्रीलंका ने अपनी टीम घोषित की थी। अब एक दिन बाद ही श्रीलंकाई टीम को बड़ा झटका लग गया है। टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा भारत के खिलाफ टी20 के साथ ही वनडे सीरीज में भी हिस्सा नहीं लेंगे। भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त से होनी है।

श्रीलंका के एक प्रमुख पत्रकार के अनुसार तेज गेंदबाज को चोट लगी है और इसलिए वह सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जल्द ही उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी की घोषणा करेगा।

## गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे युवराज सिंह, आशीष नेहरा की छुट्टी संभव

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटन्स के प्रशंसकों में प्रबंधन में बदलाव हो सकता है क्योंकि मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी संभावित रूप से फ्रेंचाइजी को अलविदा बोल सकते हैं। नेहरा और सोलंकी 2022 में अपने पहले सीजन के बाद से फ्रैंचाइज़ी से जुड़े हुए हैं। गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पहली बार खेलते ही खिताब जीता था। आईपीएल 2023 सीजन में वह उपविजेता रहे। गुजरात से जब कप्तान हार्दिक पांड्या अलग हुए तो शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया। लेकिन टीम आईपीएल 2024 में अपनी सफलता दोहरा नहीं सकी।



बहरहाल, गुजरात टाइटंस की डूबती नैय्या को पार लगाने के लिए युवराज सिंह टीम के साथ जुड़ सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार गैरी कर्स्टन, जो फ्रेंचाइजी का मार्गदर्शन कर रहे थे, ने भी पाकिस्तान पुरुष टीम के लिए सफेद गेंद के कोच के रूप में शामिल किए जाने के बाद शिविर छोड़ दिया है। इसलिए कई बदलाव हो सकते हैं। आशीष नेहरा और विक्रम सोलंकी के आगे बढ़ने की पूरी संभावना है। जिसके बाद युवराज सिंह को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में कुछ बड़े बदलाव हो सकते हैं।

बता दें कि हार्दिक को आईपीएल 2024 से पहले एक रिकॉर्ड डील में मुंबई इंडियंस ने अपने साथ रखा था। जबकि गुजरात ने शुभमन गिल को कप्तान बनाया था। टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और गिल के साथ नेहरा को नुकसान उठाना पड़ा। जीटी के कोचिंग सेट-अप के अन्य उल्लेखनीय सदस्य आशीष कपूर, नईम अमीन, नरेंद्र नेगी और मिथुन मन्हास हैं।

माना जा रहा है कि राजस्थान रॉयल्स भी बड़ा बदलाव करने के मूड में है। भारत के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ मेंटर के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट सकते हैं। गौरतलब है कि द्रविड़ ने कोच के रूप में भारत को टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी दिलाई और इससे पहले आईपीएल में आरआर की कप्तानी और मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह 2018 में बतौर कोच भारत की अंडर 19 टीम से विश्व कप भी दिला चुके हैं।

### हॉकी मिडफील्डर राज कुमार पाल ने कहा

## 'ओलंपिक टीम में चुने जाने पर मैं रो पड़ा'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राजकुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब चर्चा में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए चुना गया था।

हॉकी खेलने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे राज कुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी खेलने का सफर अपने आप में एक कहानी है। उनके बड़े भाई जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वह गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई दूसरा खेल नहीं था। राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने पाल भाइयों में से तीनों में रुचि दिखाई। 2012 में वह ऋ्द्ध लखनऊ छात्रावास में शामिल हुए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए जो जोखन के बैचमेट थे।

उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें पहली बार भारत शिविर में बुलाया गया। ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए राज कुमार ने कहा, मुझे हमेशा ललित भाई ने प्रोत्साहित किया जिन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें फिर कभी नहीं दोहराना चाहिए। उन्होंने




हमेशा मेरा समर्थन किया है। ज़्यादातर समय जब हम मैच खेलते थे, तो मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां कीं और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे बहुत शांति से बताते थे।


उच्च प्रदर्शन निदेशक डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया। अब राज कुमार का ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है और वह एक बार में एक खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, मेरा पूरा ध्यान पेरिस ओलंपिक पर है। मुझे पता है कि यहां क्या दांव पर लगा है और किसी भी तरह की गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं है। मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं और एक बार में एक खेल पर ध्यान देने की योजना बना रहा हूं।

अब तक 53 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले राजकुमार ने कहा, ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपना रहा है। मैं इस अवसर का लंबे समय से इंतजार कर रहा था और अब जब मैं यहां हूं, तो यह अवास्तविक लगता है। जब मुझे ओलंपिक-बाउंड टीम में अपने चयन की खबर मिली, तो मैं उन सभी परिस्थितियों को याद करके रो पड़ा, जिनसे मैं गुजरा हूं और मुझे अपने पिता की याद आई। जब मैंने घर पर फोन किया, तो मुझे पता चला कि मेरी मां रो रही थीं, लेकिन वे खुशी के आंसू थे। मेरे परिवार ने बहुत त्याग किया है और अब समय आ गया है कि मैं उन्हें स्वर्ण पदक से इसका बदला दूं।% भारत अपने पेरिस 2024 ओलंपिक अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को करेगा, जब वे अपने पहले पूल बी मैच में न्यूज़ीलैंड से भिड़ेंगे।

## पारिवारिक तनाव के चलते 'वह बालकनी पर खड़ा था', दोस्त ने किया शमी के आत्महत्या के प्रयास का खुलासा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के दोस्त उमेश कुमार ने हाल ही में तेज गेंदबाज के करियर और निजी जीवन के दुखद समय के बारे में बताया जिसके कारण उन्हें आत्महत्या के विचार भी आए थे। गौरतलब है कि शमी की पत्नी हसीन जहां ने क्रिकेटर पर घरेलू हिंसा और बेवफाई का आरोप लगाते हुए मार्च 2018 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। हालांकि तेज गेंदबाज ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि यह पूरी घटना 'उनकी छवि खराब करने का प्रयास' है। टी20 विश्व कप 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने खराब प्रदर्शन के बाद उन पर मैच फिक्सिंग में शामिल होने का आरोप लगाया गया। शमी के करियर के सबसे बुरे दौर को याद करते हुए उनके दोस्त उमेश कुमार, जो उत्तराखंड विधानसभा के सदस्य भी हैं, ने खुलासा किया कि उस दौरान उन पर लगे सभी आरोपों से भारतीय स्टार टूट गया था। शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट अनप्लग्ड पर उमेश ने कहा, उस दौर में शमी हर चीज से लड़ रहा था। वह मेरे साथ मेरे घर में रहता था। लेकिन जब पाकिस्तान के साथ फिक्सिंग के आरोप सामने आए और उस रात जांच हुई, तो वह टूट गया। उसने कहा कि मैं सब कुछ बर्दाश्त कर सकता हूं, लेकिन अपने देश के साथ विश्वासघात करने के आरोपों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। कुमार ने आगे बोलते हुए कहा, खबरों में यह भी आया कि वह उस रात कुछ बड़ा करना चाहता था [अपनी जान लेना]। सुबह करीब 4 बजे मैं पानी पीने के लिए उठा। मैं रसोई की ओर जा रहा था, तभी मैंने देखा कि वह बालकनी में खड़ा था। यह 19वीं मंजिल थी, जिस पर हम रह रहे थे। मुझे समझ में आ गया कि क्या हुआ था।





## भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य

### ओलंपिक में पहला पदक जीतना

**पेरिस (एजेंसी)।** स्थान भी अलग होगा और वर्ष भी और एक नया ओलंपिक होगा लेकिन भारतीय तीरंदाजों का लक्ष्य वही पुराना होगा, ओलंपिक खेलों में पहला पदक जीतना।

तीरंदाजी को ओलंपिक में 1988 में शामिल किया गया था और तब से भारतीय तीरंदाज लगभग हर ओलंपिक खेल में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन अभी तक पोडियम तक पहुंचने में नाकाम रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय तीरंदाज बुधवार को लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालीफिकेशन राउंड के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। लंदन ओलंपिक 2012 के बाद यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम में सभी छह खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिसका मतलब है कि इस बार भारतीय तीरंदाज पांच स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

अनुभवी तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी अपने चौथे ओलंपिक में भाग ले रहे हैं। उनकी अगुवाई में टीम को पसंदीदा ड्रॉ हासिल करने के लिए क्वालिफिकेशन में कम से कम शीर्ष 10 में जगह बनानी होगी। प्रत्येक तीरंदाज 72 तीर चलाएगा और क्वालिफिकेशन दौर में भाग ले रहे 53 देश के 128 खिलाड़ियों के स्कोर के आधार पर रविवार से शुरू होने वाली मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए वरीयता तय की जाएगी।

भारतीय टीम के लिए क्वालीफिकेशन दौर महत्वपूर्ण होगा जो अक्सर निचली वरीयता हासिल करती रही हैं और ऐसे में नॉकआउट चरण में उन्हें दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीम का सामना करना पड़ता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत के सभी पुरुष तीरंदाज शीर्ष 30 में जगह नहीं बना पाए थे जिससे भारतीय टीम को नौवीं वरीयता मिली थी। भारत की एकमात्र महिला तीरंदाज दीपिका ने नौवां स्थान हासिल किया था। भारत को तब अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था।

भारत को पुरुष टीम से काफी उम्मीद है जिसने इस साल शंघाई में विश्व कप के फाइनल में कोरिया को हराकर इतिहास रचा था। भारतीय टीम में राय और पिछले ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रवीण जाधव के रूप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं जबकि युवा खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा एक महीने पहले अंताल्या विश्व कप में तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता इटली के मौरो नेस्पोली को हराकर कांस्य पदक जीत कर उत्साह से लबरेज होंगे।

महिला वर्ग में सभी की निगाहें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई में विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीत कर शानदार वापसी की थी। महिला टीम में उनके साथ देने के लिए अंकिता भक्त और भजन कौर हैं। इन दोनों का यह पहला ओलंपिक होगा लेकिन वह वर्तमान ओलंपिक चक्र में भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं और उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। धीरज और दीपिका अगर रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहते हैं तो फिर रिकर्व मिश्रित टीम में उनसे पदक की उम्मीद की जा सकती है।

भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में अभी तक क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। भारत तीरंदाजी में केवल सिडनी ओलंपिक 2000 में क्वालीफाई नहीं कर पाया था। इसके अलावा उसने सभी ओलंपिक खेलों में भाग लिया लेकिन अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर पाया। पेरिस ओलंपिक में पुरुष टीम का फाइनल सोमवार को जबकि व्यक्तिगत एलिमिनेशन मंगलवार को शुरू होगा। मिश्रित टीम का फाइनल अगले शुक्रवार को तथा उसी सप्ताहांत में महिला और व्यक्तिगत फाइनल होंगे।

## विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच रिश्तों पर बोले आशीष नेहरा, दोनों बहुत ही जोशीले व्यक्ति हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने दावा किया है कि उन्हें विराट कोहली और गौतम गंभीर के बीच कोई समस्या नहीं दिखती क्योंकि वे एक बार फिर ड्रेसिंग रूम साझा करना शुरू कर देंगे। गंभीर श्रीलंका दौरे से भारत के कोच का पद संभालेंगे, जहां कोहली वनडे टीम का हिस्सा होंगे। आईपीएल के दौरान दोनों के बीच मैदान पर नोकझोंक हुई थी, लेकिन 2024 के सीजन के दौरान दोनों के बीच गर्मजोशी से बातचीत होती दिखी और ऐसा लग रहा था कि दोनों ने अपने बीच की खटास को भुला दिया है।

नेहरा ने कहा, विराट कोहली और गौतम गंभीर दो बहुत ही जोशीले व्यक्ति हैं। जब भी वे किसी टीम के लिए खेलते हैं, तो वे विपक्षी टीम के खिलाफ खेल सकते हैं। लेकिन, जब वे ड्रेसिंग रूम में साथ होते हैं, तो वे टीम के लिए एकजुट होते हैं। आप




विराट कोहली की बात कर रहे हैं जिनके पास 16-17 साल से ज़्यादा का अनुभव है, गौतम गंभीर भी अनुभवी हैं। बाहर की चीजों से लोगों को इसका अंदाजा हो जाता है। यह सिर्फ गंभीर और कोहली की बात नहीं है, ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिनके बीच पहले भी मैदान पर झगड़े हुए हैं, लेकिन जब वे किसी टीम के लिए साथ खेलते हैं, तो वे एक खिलाड़ी, कोच-कप्तान, कोच और सीनियर खिलाड़ी के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

नेहरा ने यह भी कहा कि गंभीर हमेशा स्पष्ट और पारदर्शी रहते हैं और हमेशा अपनी बात कहते हैं। नेहरा ने कहा, गौतम गंभीर स्पष्टवादी और पारदर्शी हैं, जो कि बहुत बढ़िया है। वह अपनी बात स्पष्ट रखते हैं और अपनी बात कहते हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। हां, मैं सहमत हूं, हर किसी की अपनी शैली (कोचिंग की) होती है, कोच, कप्तान और खिलाड़ी के साथ काम करने की। मुझे इन दोनों के साथ और उनके करियर में उनकी स्थिति के साथ कोई समस्या नहीं दिखती।

गौर हो कि भारत 27 जुलाई को टी20 सीरीज के साथ श्रीलंका दौरे की शुरुआत करेगा। उम्मीद है कि कोहली 2 अगस्त को वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम में शामिल हो जाएंगे। गंभीर के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में यह पहला दौरा होगा।

## टेस्ट क्रिकेट में 1936 के इस रिकॉर्ड को तोड़ सकता है इंग्लैंड : ओली पोप

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप का मानना है कि उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट में एक दिन के अंदर 600 रन बना सकती है और इन बातों को सिरे से खारिज कर दिया कि वे बल्लेबाजी में आक्रामक शैली 'बैजबॉल' से पीछे हट रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम पर ही है। उसने 1936 में भारत के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए मैच के दूसरे दिन 6 विकेट पर 588 रन बनाए थे और पोप का मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम इस रिकार्ड को तोड़ सकती है।



पोप ने कहा, 'कभी-कभी हम एक दिन में 280 या 300 रन बना सकते हैं क्योंकि हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि भविष्य में कभी ऐसा दिन आए जब हम 500 से 600 रन बना लें और यह अच्छा रिकॉर्ड होगा। इंग्लैंड ने दिसंबर 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 506 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैच की श्रृंखला में अभी 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर रखे हैं।

उसने पहले टेस्ट मैच में पारी के अंतर से और दूसरे मैच में 241 रन से जीत हासिल की थी। पोप ने 'बैजबॉल' रणनीति के बारे में कहा, 'ट्रेंटब्रिज में पहले दिन मुझसे पूछा गया था क्या आपको इस तरह खेलने के लिए कहा जाता है। नहीं, हमें ऐसा नहीं कहा जाता। यह हमारा स्वाभाविक खेल है और हम इसे खेलने के तरीके अपनाते हैं।

## विरोधी से डरना नहीं है, अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो, हाई जंपर सर्वेश कुशारे ने नीरज से सीखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गांव में चारे के मैट पर अभ्यास से पेरिस ओलंपिक तक का सफर तय करने वाले हाई जंपर सर्वेश कुशारे को अपनी तैयारियों और भारतीय एथलेटिक्स के 'गोल्डन ब्वॉय' नीरज चोपड़ा से मिले इस मूलमंत्र पर यकीन है कि प्रतिद्वंद्वियों की ख्याति से डरे बिना बस अपनी ट्रेनिंग पर फोकस रखो। कुशारे ओलंपिक ऊंची कूद के लिये क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं।

अभ्यास के दौरान 2.30 मीटर का आंकड़ा पार कर रहे कुशारे को अपनी कड़ी मेहनत और तोक्यो ओलंपिक में भालाफेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का खाता खोलने वाले नीरज की सलाह पर पूरा यकीन है। ओलंपिक में ऊंचे कद और भारी डील डौल वाले प्रतिद्वंद्वियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार पांच फुट नौ इंच के कुशारे ने इंटरव्यू में कहा, 'मेरा बस कद ही छोटा है लेकिन हम भी भीतर से बहुत मजबूत हैं। प्रतिद्वंद्वी की कद काठी देखकर कोई डर नहीं लगता। सही समय पर शीर्ष फॉर्म में रहना महत्वपूर्ण है।

महाराष्ट्र के नाशिक से कुछ किलोमीटर दूर देवरगांव के रहने वाले 29 वर्ष के इस एथलीट ने कहा, 'अभी तो काफी समय से नीरज भाई से मुलाकात नहीं हुई है लेकिन जब पिछली बार मिले थे तो उन्होंने कहा था कि ट्रेनिंग पर फोकस करो और विरोधी खिलाड़ियों की ख्याति से डरना नहीं है। वह हमेशा टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे आदर्श नीरज चोपड़ा ही हैं जिन्होंने एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक पदक जीतकर हमारे भीतर भी आत्मविश्वास भरा। हम भी उनकी तरह बनना चाहते हैं और देश का मान बढाना चाहते हैं।

पंचकूला में जून में अंतर प्रांत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 2.25 मीटर की रिकॉर्ड कूद के साथ स्वर्ण जीतने वाले कुशारे ने




क्वालीफिकेशन प्रक्रिया में 23वां स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। उन्होंने कहा, 'जून से पहले मेरी रैंकिंग 36 चली गई थी क्योंकि मई में जब पूरी दुनिया में स्पर्धायें चल रही थी, मैं नहीं खेल सका था। मुझे डर लग रहा था कि ओलंपिक खेल सकूंगा कि नहीं। मैं काफी दबाव में आ गया था लेकिन फिर मलेशिया, कजाखस्तान और पंचकूला में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके क्वालीफाई किया।

उन्होंने कहा, 'टखने की चोट के कारण बहुत दिक्कतें आई थी लेकिन अब लगातार अच्छा अभ्यास करके मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। अभी फोकस क्वालीफिकेशन दौर पर है जो सात अगस्त को सुबह दस बजे होगा। पहला लक्ष्य फाइनल में जगह बनाने का है। उसके बाद की प्लानिंग बाद में करूंगा। वारसॉ में अत्याधुनिक सुविधाओं के बीच तैयारी कर रहे कुशारे ने जब खेलना शुरू किया तो गाय के चारे को मैट के रूप में इस्तेमाल करते थे। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा, 'हमारे गांव में ऊंची कूद का मैट नहीं था तो गाय के लिए जो मक्के का चारा इकट्ठा होता था, उसका मैट बनाया जाता था। उसका एक ही पीस लैंडिंग एरिया की तरह बनाया था और हम उस पर अभ्यास करते थे।

उन्होंने बताया, 'स्कूल के पीटी टीचर आर डब्ल्यू जाधव सर के मार्गदर्शन में खेलना शुरू किया। फिर सैन्य खेल संस्थान में गया और ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) से भी सहयोग मिला जिन्होंने अमेरिका में अभ्यास के लिये भेजा। कुशारे ने कहा, 'वारसॉ में बहुत अच्छी सुविधाएं हैं और सुबह शाम क्यूबाई कोच के साथ अभ्यास होता है। मैं ऊंची कूद में अकेला हूं लेकिन भारतीय एथलेटिक्स रिले टीम, शॉटपुट टीम, भालाफेंक खिलाड़ी किशोर जेना और अन्नु रानी सभी यहीं हैं। हम आपस में यही बात करते हैं कि ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

वहां दिनचर्या के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'अभ्यास में जिम, स्पीड वर्क, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सभी होता है। यहां रिकवरी सत्र बहुत अच्छे रहते हैं। खाली समय में बस रेस्ट करते हैं क्योंकि शरीर को आराम देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, 'मानसिक तैयारी के लिए खेल मनोवैज्ञानिक से नियमित बात करता हूं। वे बताते हैं कि दबाव से कैसे निपटना है और खुद को मानसिक रूप से तरोताजा कैसे रखना है। योग और ध्यान रोज सुबह करता हूं।

कुशारे को भारतीय एथलेटिक्स दल से पेरिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'इस बार एथलेटिक्स में टीम बहुत अच्छी है। रिले टीम हो, तेजिंदर तूर (शॉटपुट) हो, नीरज भाई सभी पदक के दावेदारों में है और इस बार हमारा प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहेगा।% आठ जुलाई से वारसॉ में अभ्यास कर रहे कुशारे 29 जुलाई को पेरिस रवाना होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर, हादसे में छह की मौत

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के करीमगंज जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, नीलाम बाजार इलाके में दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर में यह दुर्घटना हुई। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने बताया, कार और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। उनके अलावा, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में से पांच की पहचान जाहेदा बेगम, बेदाना बेगम, हसीना बेगम, गुलजार हुसैन और रूहुल आलम के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से पांच एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि रूहुल आलम ऑटो रिक्शा चला रहा था, जिसे विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार का चालक और सह-यात्री भी घायल हो गए। घायल यात्रियों को अस्पताल भेजा गया, जबकि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### रुड़की में कांवड़ियों का बवाल, टच होने पर ड्राइवर को पीटा, ई-रिक्शा तोड़ डाला

**रुड़की, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर के बाद उत्तराखंड के रुड़की से कांवड़ियों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ कांवड़िए हाथ में डंडा लिए ई-रिक्शा को तोड़ते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने ई-रिक्शा ड्राइवर की भी बुरी तरह पिटाई की। उसके सिर में धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उसके ई रिक्शा में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित का कसूर इतना था कि उसका ई-रिक्शा एक कांवड़ यात्री से टच हो गया था। घायल को उपचार के लिए पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंगलौर में भर्ती कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

मूल रूप से ताल्हेडी बुजुर्ग थाना देवबंद जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला संजय काफी समय से ग्राम लिब्बाहरेड़ी में अपने भाई के साथ किराए के मकान में रहते हुए ई रिक्शा चलाता है, जिससे वह अपना वह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मंगलवार की शाम को जब वह मंगलौर से मंडावली के लिए सवारी लेकर जा रहा था तब ग्राम लिब्बरहेड़ी के पास किसी कांवड़ यात्री से उसकी ई रिक्शा का पिछला हिस्सा लग गया। गुस्साए कांवड़ यात्रियों ने संजय की पिटाई कर दी।

बताया जा रहा है कि संजय के सिर पर किसी धारदार हथियार से प्रहार किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ है। कावड़ियों ने उसकी ई रिक्शा में तोड़फोड़ भी कर डाली, जिससे उसकी ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मंगलौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना को अंजाम देने वाली कांवड़ियों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस का कहना है कि हाईवे पर सक्रियता बढ़ा दी गई है। घायल को उपचार,साथ ही अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव - त्रिपुरा में भाजपा ने बिना चुनाव लड़े लहराया परचम

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा में सत्तारूढ़ दल भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बिना लड़े ही जीत हासिल कर ली है। मंगलवार को चुनाव अधिकारी ने जानकारी दी कि भाजपा प्रत्याशियों ने राज्य की 71 फीसदी सीटों पर निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। पंचायत प्रणाली में कुल 6889 सीट हैं, जिनमें ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद शामिल हैं और भाजपा को 4805 सीट पर निर्विरोध जीत हासिल हुई है। मतदान 8 अगस्त को होना है। त्रिपुरा में राज्य चुनाव आयोग के सचिव असित कुमार दास ने बताया कि ग्राम पंचायतों में भाजपा को कुल 6,370 सीट में से 4,550 पर निर्विरोध जीत हासिल हुई है। इस वजह से 71 प्रतिशत सीट पर मतदान नहीं होगा। उन्होंने आगे बताया कि जिन 1,819 ग्राम पंचायत सीट पर मतदान होगा उनमें से भाजपा ने 1,809 पर उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि माकपा ने 1,222 पर और कांग्रेस ने 731 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा की सहयोगी टिपरा मोथा ने 138 सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं।

## पुलिसवालों को वीरता अवॉर्ड मामला, केंद्र ने हरियाणा से मांगी किसानों पर गोलीबारी की रिपोर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा सरकार की तरफ से वीरता पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किए गए चार पुलिस अधिकारी केंद्रीय गृहमंत्रालय की जांच के दायरे में आते नजर आ रहे हैं। खबर है कि मंत्रालय ने हरियाणा सरकार ससे 2 आईपीएस और हरियाणा पुलिस के 2 अधिकारियों की तरफ से किसानों पर की गई गोलीबारी की जानकारी मांगी है। खास बात है कि पंजाब विधानसभा स्पीकर की तरफ से एक पत्र भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा गया था, जिसमें इस फैसले पर विचार करने की मांग की गई थी। पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हरियाणा सरकार के उस हालिया फैसले पर आपत्ति जताई, जिसमें दिल्ली चलो अभियान के तहत किसानों को दिल्ली कूच करने से रोकने में भूमिका के लिए छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की गई है। हरियाणा सरकार ने हाल में केंद्र को भेजी अपनी सिफारिश में वीरता पदक से सम्मानित करने के लिए छह पुलिस अधिकारियों के नाम दिये हैं, जिनमें से तीन आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) और तीन अन्य हरियाणा पुलिस सेवा से हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसानों को फरवरी में राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ने से रोक दिया गया था। मंगलवार को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विधानसभा अध्यक्ष संधवान ने लिखा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसानों को बदनाम किया जा रहा है और उनके साथ बेहद अनुचित व्यवहार किया जा रहा है, जबकि वे लंबे समय से लंबित अपनी मांगों के लिए पंजाब में शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए उन्होंने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक द्वारा उन छह पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक देने की सिफारिश की कड़ी निंदा की, जिन्होंने शंभू बॉर्डर पर किसानों के मार्च को रोकने में भूमिका निभाई थी। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा की तरफ से दिल्ली चलो के ऐलान के बाद हरियाणा सरकार ने फरवरी में शंभू और खनौरी सीमा पर बैरिकेड्स लगा दिए थे।

# हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश, 25 सड़कें बंद

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में मॉनसून अपने पूरे शबाब पर है और पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश का दौर लगातार जारी है। जिसके चलते फिलहाल प्रदेश की 25 सड़कें बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए यहां पर भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस दौरान यहां के निवासियों को सड़क, पानी और बिजली आपूर्ति में संभावित व्यवधान की चेतावनी के लिए भी तैयार रहने को कहा है। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 24 घंटों में कांगड़ा, सिरमौर और शिमला जिलों के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बाढ़ का खतरा है। इसके अलावा विभाग ने पूरे राज्य में अलग-अलग जगहों पर अगले चार दिनों के लिए यानी 27 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इस दौरान इन जगहों पर तेज हवाएं चलने व निचले इलाकों में जलभराव के कारण पेड़-पौधों, खड़ी



फसलों, कमजोर संरचनाओं और कच्चे घरों को नुकसान हो सकता है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार मंडी जिले में 22 सड़कें, कांगड़ा में 2 और किन्नौर में 1 सड़क बंद है। इसके अलावा राज्य में 97 ट्रांसफार्मर और 13 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं। केंद्र के अनुसार राज्य में अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 47 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 27 जून से चल रहे मानसून सीजन में राज्य को करीब 364 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले 24 घंटों में कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, यहां 151.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद धर्मशाला में 146.6 मिमी, पालमपुर में 112.4 मिमी और नगरोटा सूरियां में 99.6 मिमी बारिश हुई। जोगिंदरनगर में 52 मिमी, गुलेर में 46.4 मिमी, सुंदरनगर में 44.7 मिमी, घरमूर में 35.2 मिमी और काहू में 33.5 मिमी बारिश हुई। लाहौल और स्पीति जिले का कुकुमसेरी रात में सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि ऊना दिन में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धर्मशाला में अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि कांगड़ा में अधिकतम 26 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश की राजधानी शिमला में अगले 15 सितंबर तक साहसिक खेल गतिविधियों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी संजय भगवती ने मंगलवार को आदेश जारी करते हुए बताया कि बरसात के मौसम के दौरान जिला में रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग, जिपलाइन, ट्रैकिंग और अन्य साहसिक खेल गतिविधियों पर 15 सितंबर, 2024 तक प्रतिबंध रहेगा।

## दुर्गा पूजा के लिए ममता सरकार दिल खोलकर करेगी दान, 85000 का ऐलान; अगले साल 1 लाख का वादा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा आयोजित कराने वाली समिति और क्लबों के लिए सहायता राशि बढ़ा दी है। सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि राज्य सरकार की तरफ से अनुदान राशि 70 हजार से बढ़ाकर 85 हजार कर दिया गया है। साथ ही ममता सरकार ने इस राशि को अगले साल 1 लाख रुपए करने का भी वादा किया। अकेले कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों में लगभग 3000 सामुदायिक क्लब हैं। जबकि, राज्य भर में हर साल करीब 40000 स्थानों पर दुर्गा पूजा आयोजित होती है। इस साल टीएमसी सरकार दुर्गा पूजा के लिए कम से कम 340 करोड़ रुपये दान करेगी। पश्चिम बंगाल में हर साल दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजित की जाती है। इस साल दुर्गा पूजा महोत्सव 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर के बीच किया जाना है। साल 2021 में यूनेस्को ने कोलकाता में दुर्गा पूजा को सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही राज्य के सबसे बड़े धार्मिक त्योहार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली थी।

सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को पूजा समितियों के अध्यक्ष और सरकारी अधिकारियों संग बैठक के दौरान कहा, पिछले साल तक हम प्रत्येक क्लब को 70,000 रुपये देते थे। इस साल हम राशि बढ़ाकर 85,000 रुपये कर रहे हैं। अगले वर्ष हम अनुदान बढ़ाकर एक लाख रुपये करेंगे। मैं इसकी पहले से घोषणा कर रही हूं। ममता बनर्जी ने



घोषणा की कि क्लबों को पहले की तरह सभी सरकारी शुल्कों पर पूरी छूट मिलती रहेगी और बिजली बिल पर सब्सिडी मौजूदा 66त्न से बढ़ाकर 75त्न कर दी जाएगी।

**सुरक्षा उपायों में नाकाम क्लबों को ब्लैक लिस्ट में डालेंगे:** टीएमसी के नेताओं ने कहा कि दुर्गा पूजा आयोजकों के लिए अनुदान बढ़ाने का निर्णय मंगलवार सुबह राज्य कैबिनेट बनर्जी की एक संक्षिप्त बैठक में लिया गया। पूजा आयोजकों को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने बंगाल के सबसे बड़े दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, पुलिस और पूजा आयोजकों को प्रत्येक स्थल पर भीड़ के लिए कई प्रवेश और निकास बिंदु सुनिश्चित करने चाहिए। सभी जगह क्विक रिस्पांस टीमें लगाई जाएं। कोई हंगामा नहीं होना चाहिए। यातायात रोकने या असुविधा पैदा करने के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले आयोजकों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

**केंद्रीय बजट पर भड़की ममता, कहा- हमे कुछ नहीं मिला:** ममता बनर्जी ने आज संसद में पेश किए गए मोदी सरकार 3.0 के पहले पूर्ण बजट पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, आज के बजट में हमें कुछ नहीं मिला। लेकिन हम हमेशा लोगों के साथ रहने की पूरी कोशिश करते हैं। एक गरीब सरकार इससे ज्यादा और क्या कर सकती है।

**2018 में सहायता राशि 10 हजार थी:** इससे पहले 2023 में, जब ममता बनर्जी ने दुर्गा पूजा के लिए आयोजन समितियों के लिए वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 70,000 रुपये किया था। तब भाजपा ने इसे चुनाव से पहले सार्वजनिक धन का दुरपयोग करार दिया था। बता दें कि साल 2018 में ममता बनर्जी सरकार ने दुर्गा पूजा के लिए वित्तीय सहायता शुरू की थी, तब यह राशि 10 हजार रुपए प्रति क्लब थी। साल 2022 में सहायता राशि बढ़ाकर 60,000 रुपये की गई थी।

## स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था हुई अपग्रेड, ई-चालान शुरू

**अयोध्या, एजेंसी।**
लोकसभा चुनाव के पहले और उसके बाद लगातार चर्चा में बनी रामनगरी, अयोध्या में अब स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट पर काम शुरू हो गया है। शहर के चौराहों को न सिर्फ हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से जोड़ा जा रहा है, बल्कि इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से निगरानी करते हुए ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का ऑनलाइन चालान भी किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की ट्रैफिक कंट्रोल व्यवस्था को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या के विभिन्न चौराहों पर एक हजार 324 ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो वाहन पर लगी नंबर प्लेट की साफ तस्वीर ले सकें।

इन कैमरों को एक कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जहां लगातार निगरानी की जा रही है। वहीं से चौराहों पर लगे अलॉटमेंट सिस्टम के जरिए लोगों को निर्देश दिए जाते हैं और ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों का यहीं से ऑनलाइन चालान (ई-चालान) किया जाता है। ट्रैफिक विभाग 22 चौराहों पर इस तरह की व्यवस्था शुरू करने की तैयारी में है, जिनमें से पुष्पराज चौराहा, रिकाबगंज चौराहा, गुदड़ी बाजार चौराहा समेत अन्य कुछ स्थानों पर इस पर अमल भी शुरू हो गया है। 200 से ज्यादा ई-चालान अब तक हो चुके हैं।

ट्रैफिक एसपी एपी सिंह ने बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या और वाहनों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। सही ढंग से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण चौराहों और अन्य स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है। ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) के जरिए यातायात नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ ई-चालान की कार्रवाई शुरू हो गई है।

## नए सर्वे में चौंकाने वाले संकेत, राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशी कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप को दे सकती हैं मात

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में, रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। हालांकि, यह निश्चित नहीं है, लेकिन बहुत संभावना है कि भारतीय मूल की हैरिस अब नवंबर में पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति ट्रंप का सामना करने के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार होंगी। दोनों प्रतिद्वंद्वी एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस बीच मंगवार को एक सर्वे सामने आया, जिसमें हैरिस को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है। रॉयटर्स/इप्सोस के पोल में हैरिस ने ट्रंप के ऊपर दो प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। यह पोल जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनावी अभियान से हटने की घोषणा के बाद सोमवार और मंगलवार को किया गया है। इससे पहले रविवार को राष्ट्रपति बाइडन ने सभी को चौंकाते हुए चुनाव न लड़ने की घोषणा की थी। 27 जून को डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद उनके ऊपर लगातार चुनाव न लड़ने का दबाव बना हुआ था। अब ताजा सर्वे में कमला हैरिस को 44 प्रतिशत समर्थन हासिल है, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को 42 प्रतिशत लोगों ने समर्थन किया। हैरिस को बढ़त दिलाने वाला नया सर्वे ऐसे समय में आया है, जब उनके अभियान का कहना है कि उन्होंने डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए जरूरी समर्थन हासिल कर लिया है। इसके पहले 15-16 जुलाई के सर्वेक्षण में हैरिस और ट्रंप 44 प्रतिशत पर बराबर थे और एक-दो जुलाई के सर्वेक्षण में डोनाल्ड ट्रंप एक प्रतिशत अंक से आगे थे। राष्ट्रीय सर्वेक्षण से ये पता चलता है कि हैरिस के समर्थन में वृद्धि हो रही है। हालांकि, ट्रंप के अभियान ने हैरिस की बढ़त को महत्वपूर्ण नहीं बताया।कर्ता टोनी फैब्रीजियों का कहना है कि हैरिस की लोकप्रियता में हो रही वृद्धि संभवतः कुछ समय के लिए होगी। नेशनल सर्वे राजनीतिक उम्मीदवारी के लिए अमेरिकी लोगों के मूड के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। हालिया सर्वे में 56 प्रतिशत मतदाता ये मानते हैं कि 59 वर्षीय हैरिस मानसिक रूप से तेज और चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं, जबकि 78 प्रतिशत ट्रंप के बारे में 49 प्रतिशत मतदाताओं की ये राय है। केवल 22 प्रतिशत मतदाता बाइडन के बारे में ऐसा सोचते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के सामने 81 वर्षीय बाइडन की उम्र और उनकी क्षमताओं को लेकर अमेरिकी मतदाता संशय जाहिर कर रहे थे। यही बात अब कमला हैरिस के पक्ष में जाती हैं और उम्र को लेकर दबाव अब ट्रंप के ऊपर होगा।

## पीएम हसीना ने कर्फ्यू के आदेश पर दी सफाई, कहा- जनता की सुरक्षा के लिए उठाया था कदम

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में पुलिस और प्रदर्शनकारी छात्रों के बीच झड़प हुई। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने कर्फ्यू लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही हिंसा करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दिए। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने इस आदेश की सफाई देनी पड़ रही है। उन्होंने अपनी सफाई में कहा है कि उस दौरान उठाए गए कदम लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए थे। बांग्लादेश में पुलिस और छात्र प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुई थी। छात्र विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले दिग्गजों के रिश्तेदारों के लिए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए




कोटा घटाकर मात्र 5 प्रतिशत कर दिया। इस प्रकार, सिविल सेवा की 93 प्रतिशत नौकरियां अब योग्यता आधारित होंगी। जबकि शेष 2 प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों, ट्रांसजेंडर और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि पुलिस और छात्रों के बीच हुई हिंसक झड़प में 100 से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर सरकार अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दे सकी है।

# सब ठीक हो जाएगा, इस्राइल हमास युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने फलस्तीनी राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
शुक्रवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बैठक से पहले, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प और फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास की आपस में चर्चा हुई। दरअसल दोनों नेताओं के बीच पत्रों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा में ट्रंप ने महमूद अब्बास से कहा कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर लिखा, शुक्रवार को नेतन्याहू से मिलने का बेसब्री से इंतजार है, और मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने का और भी अधिक इंतजार है! डोनाल्ड ट्रंप पर बीती 13 जुलाई को पेंसिल्वेनिया में रैली के दौरान जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें ट्रंप बाल-बाल बच गए थे और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। ट्रंप पर हमले के बाद अगले दिन 14 जुलाई को फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने ट्रंप को एक पत्र लिखा, जिसमें अब्बास ने ट्रंप पर हुए हमले पर चिंता जाहिर की और उनके जल्द ठीक होने की कामना की गई थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अब्बास के पत्र को भी साझा किया। इस पत्र में अब्बास ने लिखा था कि, मुझे आपकी हत्या के प्रयास की खबर मिली है और बाद में मैंने इसकी फुटेज भी



देखी है। मुझे आपकी बहुत चिंता हो रही है। अब्बास ने अपने पत्र में लिखा कि हिंसा को कानून और व्यवस्था की दुनिया में जगह नहीं मिलनी चाहिए। सहिष्णुता और मानव जीवन के महत्व के साथ दूसरे के प्रति सम्मान ही प्रबल होना चाहिए। अब्बास ने लिखा, मतभेदों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ संचार के माध्यम से हल किया जाना चाहिए। ट्रंप ने भी इस पत्र का जवाब दिया और अपने जवाब को भी ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किया। ट्रंप ने लिखा कि महमूद, बहुत बढ़िया। पाम बीच में मार ए लागो में इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करने वाले हैं। ट्रंप ने लिखा कि मेरे पहले कार्यकाल के दौरान, हमने क्षेत्र में शांति और स्थिरता कामय की थी और ऐतिहासिक अब्राहम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए थे। हम फिर इस दिशा में कदम उठाएंगे। मैंने हाल के हफ्तों में राष्ट्रपति जेलेंस्की और दुनिया के अन्य नेताओं के साथ चर्चा में कहा है कि मेरा शक्ति के जरिए शांति का एजेंडा दुनिया को दिखाएगा कि भयानक और घातक युद्धों को समाप्त किया जाना चाहिए।

## वेस्ट बैंक में इजरायली हमले में 7 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह, एजेंसी।** इजरायली सेना और पुलिस ने वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग झड़पों में सात फिलिस्तीनियों को मार गिराया है। फिलिस्तीनी सूत्रों ने ये जानकारी दी है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि उत्तरी वेस्ट बैंक में तुलकरम शिविर में इजरायली ड्रोन हमले में हमास और फतह आंदोलन से जुड़े फिलिस्तीनी आतंकवादियों सहित चार लोग मारे गए।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इजरायली सेना ने शवों को जब्त कर लिया और फिलिस्तीनी चिकित्सकों को घायलों को अस्पताल ले जाने से रोका। इस बीच, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, तुलकरम के एक अस्पताल में इजरायली गोलीबारी में मारे गए एक फिलिस्तीनी व्यक्ति का शव और कम से कम तीन घायल मिले।

इजरायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि सेना और पुलिस ने आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत रात भर तुलकरम क्षेत्र में छापा मारा, जिसमें सशस्त्र फिलिस्तीनी उग्रवादियों के साथ गोलीबारी की गई और सड़कों के नीचे लगाए गए अनेक विस्फोटकों को नष्ट कर दिया गया। बयान में कहा गया कि तुलकरम में हमास शाखा के प्रमुख अशरफ नफा को इस छापे में मार दिया गया। वह वेस्ट बैंक पर इजरायली सैनिकों के खिलाफ कई हमलों की साजिश रच रहा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129